तापमान

अधिकतम 30 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, रविवार, 7 सितंबर, 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



12 28 लाख से ज्यादा खर्च कर लगाए गए 18 वॉटर एटीएम हो गए कबाड़, पानी की बूंद तक नहीं टपक रही





13 शिविर में ग्रामीणों को प्रेरित किया नेत्रदान के लिए









### मचांदुर पुलिस चौकी की घटना, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एसपी ऑफिस में की शिकायत

# घर पर भगवा ध्वज लगाने को लेकर विवाद, सेना के जवान से पुलिस ने किया दुर्व्यवहार, वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

मचांदुर निवासी सेना के जवान कौशल निषाद को भगवा ध्वज घर पर लगाना भारी पड़ गया। उसे पहले मोहल्ले के तीन युवकों ने धमकाया। जब कौशल निषाद और उसकी मां नेहा ने इसकी शिकायत पुलिस से की, तो पुलिस चौकी में पदस्थ आरक्षक और हवलदार कार्रवाई करने के बजाए जवान से ही उलझ गए। उसका हाथ मरोड़ा, उसे धमकाने का प्रयास किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

इसकी जानकारी जब बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को हुई, तो वे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गए। जहां उन्होंने इस पूरे मामले की शिकायत की। शिकायत में उन्होंने कहा कि भगवा ध्वज लगाने से धर्म विशेष के लोगों ने जवान को रोका। पुलिस ने कार्रवाई ने कार्रवाई करने के बजाए सेना के जवान को ही डराने की कोशिश की। बजरंग दल ने इस मामले में वायरल वीडियो के आधार पर आरक्षक राम कृष्ण दास और हवलदार महेश देवांगन की शिकायत की है।

शिकायत पर निष्पक्ष जांच कर दोनों पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही जवान को धमकी देने वाले धर्म विशेष के लोगों पर अपराध दर्ज कराने की अपील की है। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में तनाव के हालात है। दो पक्षों में विवाद की स्थिति निर्मित हो गई है। बहरहाल पुलिस ने इस पूरे मामले को जांच में लिया है।



### पुलिस से झूमाझटकी का वीडियो हो रहा वायरल

बता दें कि इस मामले में पुलिस ने झूमाझटकी का वीडियो वायरल हो रहा है। सेना के जवान के साथ अभद्रता वीडियो में नजर आ रही है। वीडियो को सोशल मीडिया में वायरल कर दिया गया है। इसे लेकर बजरंग दल ने शनिवार को एएसपी को एसएसपी के ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि मचांदुर निवासी नेहा निषाद का पुत्र कौशल भारतीय सेना में जवान के पद पर पदस्थ है। उसे मचांदुर चौकी में पदस्थ आरक्षक राम कृष्ण दास और हवलदार महेश देवांगन द्वारा डराने का प्रयास किया गया। अभद्रता की गई। गाली गलौज की गई। यह मामला तब हुआ जब निषाद परिवार के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने वाले असलम खान, नवाब खान, महमूद खान की शिकायत लेकर पीड़ित पक्ष पुलिस चौकी पहुंचा था।

### एसएसपी ने दिया मामले में जांच के निर्देश

इस मामले में एसएसपी ने जांच के निर्देश दिए हैं। इधर कार्रवाई नहीं होने पर इसकी बजरंग दल तक पहुंची। तब हवलदार महेश देवांगन, रामकृष्ण दास के द्वारा दबंगई दिखाते हुए जवान कौशल के साथ मारपीट कर गाली गलौज करने लगे। घटना के समय एक पुलिस कर्मी सिविल ड्रेस में था। वहीं दूसरा वर्दी पहना हुआ था। इसकी खबर जब बजरंग दल को लगी तब बजरंग दल ने गंभीरता से लेते हुए एसपी के नाम एएसपी अभिषेक झा को ज्ञापन सौंपा गया। बहरहाल मामले में जांच शुरू हो गई है।

### रोहिंग्यां बांग्लादेशी होने का भी संदेह

बजरंग दल ने आरोप लगाया है कि खान बंधुओं द्वारा ग्राम के शासकीय भूमि में अवैध गुंबद का निर्माण किया गया है। इसकी जांच करते हुए पहचान पत्र के साथ रोहिंग्यां बांग्लादेशी होने का भी संदेह जताया है। बजरंग दल ने प्रशासन से पीड़ितों पक्ष में न्याय संगत कार्रवाई करने की मांग पुलिस से की है। ज्ञापन सौंपने बजरंग दल के रवि निगम, रवि भारती, इंद्रजीत महाराज, प्रिंस राजपूत संगठन, ईश्वर गुप्ता, ऋतिक सोनी, प्रफुल्ल पटेल,प्रदीप सिन्हा ,लक्ष्मण यादव, हंसराज देशमुख,जय महेश,कमलेश यादव,ज्ञानचंद साहू,सूरज साहू,धनेश दौरा, दौलत, राजा पटेल,आनन्द तिवारी समेत बजरंगी मौजूद थे।

**मामला संवेदनशील जांच की जा रही है**

मामला संवेदनशील है। जांच में लिया गया है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएगा, उसके आधार पर पुलिस कार्रवाई करेगी। शिकायत का भी परीक्षण कराया जा रहा है। - विजय अग्रवाल, एसएसपी



### हर्षोल्लास के साथ गणेशोत्सव का समापन, पूरे दिन शिवनाथ नदी में हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन

**भिलाई।** भिलाई-दुर्ग सहित जिले में गणेश उत्सव का शनिवार को अंतिम दिन रहा। अनंत चतुर्दशी के बाद भगवान गणेश की मूर्तियों का विसर्जन शुरू हो गया। पूरे दिन अलग-अलग जगहों पर प्रतिमाएं नदी और तालाबों में विसर्जित की गईं। शिवनाथ नदी तट पर सुबह से प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर कतारें लगी। गाजे-बाजे, नृत्य-संगीत और भगवान विघ्नहर्ता के जयकारे के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। शिवनाथ नदी में प्रतिमाओं को ठंडा करने के लिए प्रकाश व्यवस्था की गई। गोताखोरों की मदद ली गई।



# बड़े होटल में परोसा सड़ा अंडा, विरोध करने पर स्टाफ ने किया दुर्व्यवहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

भिलाई पावर हाउस स्थित बड़े होटल निखिल रेसीडेंसी में पहले तो सड़ा अंडा परोसा गया और जब ग्राहक ने इसका विरोध किया तो होटल का स्टॉफ उनसे दुर्व्यवहार करने लगा।

विश्व हिंदू परिषद के नेता पुष्पराज सिंह और रोहित सिंह अपने दोस्तों के साथ निखिल रेसीडेंसी होटल के रेस्टोरेंट में खाना खाना गए थे। उन्हें वहां के वेटर ने अंडा सर्व किया। अंडा का जो सफेद भाग होता है वो पूरी तरह से काला था। इसे देखकर रोहित और पुष्पराज ने होटल के स्टॉफ को बोला कि सड़ा अंडा दे रहे हो। इस पर होटल के स्टॉफ ने कहा कि लोहे के चाकू से अंडा काटा गया है, इसलिए सफेद भाग काला हो गया है।

इस पर ग्राहक ने फिर से अंडा उनके सामने काटने को कहा। होटल स्टॉफ ने उसी लोहे के चाकू से चार अंडे काटे तो वो काला नहीं पड़ा। यह देख होटल का स्टॉफ काला पड़ा अंडा प्लेट सहित ले गया। जब रोहित और पुष्पराज ने सड़ा अंडा देने का आरोप लगाया तो होटल का स्टॉफ उनसे दुर्व्यवहार करने लगा। उसने कहा कि जो करना है कर लो, उनका कोई कुछ नहीं कर सकता है।






कुछ ही देर में खुद को पत्रकार बताने वाला एक सख्स वहां पहुंचा और होटल में मौजूद मीडिया और ग्राहकों पर धमकी देने का दबाव बनाने लगा। इसके बाद ग्राहकों से उनकी काफी बहस हुई। पुष्पराज और रोहित ने कहा कि होटल के स्टॉफ ने पहले तो उन्हें सड़ा अंडा सर्व किया है उसके बाद उनका व्यवहार उनके प्रति काफी गलत है। उन्होंने इसकी शिकायत फूड एंड सेफ्टी विभाग और निगम व कलेक्टोरेट में करने की भी बात कही है।

### माफी मांगता रहा स्टॉफ

मामला तूल पकड़ने पर वहां जब मीडिया के लोग पहुंचे तो खुद को होटल का मैनेजर बताने वाले सुशील कुंडे नाम के स्टॉफ ने माफी मांगी और कहा कि उनसे गलती हुई, लेकिन मामले नहीं सुलझा। ग्राहकों का कहना है कि वो इसकी शिकायत करेंगे। यदि वो सड़ा अंडा खा लेते उनकी जान पर भी बन सकती थी।








# अलमारी से 80 हजार पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

तीजा मनाने गए परिवार के मकान का ताला तोड़कर अज्ञात ने अलमारी में रखे नगदी रकम पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि डिपरा पारा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर वार्ड 39 निवासी हीना सोनकर कमरे में ताला जड़कर मायके गुण्डरदेही तीजा मनाने गई हुई थी। दोनो बच्चे जेठ संतराम सोनकर के मकान विजय नगर डीपरा पारा दुर्ग में रहते हैं। 2 सितंबर को देवरानी पडोस के मकान मे रहती हैं। फोन कर बताई कि कमरे का ताला टूटा पड़ा मिला है। तब मायके से वापस ससुराल लौट आई। तब घर के आलमारी से पांच-पांच सौ रूपये के नोट 80 हजार रुपए था। शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई है।

### मारपीट, तीन के खिलाफ अपराध कायम

मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि इंद्रजीत चौधरी वाहन चालक का काम करता है। 5 सितंबर की रात बाम्बे आवास साडा क्वाटर गोविंद के घर आटो लेने के लिए गया था। आटो की चाबी लेकर उसके घर से बाहर आया, तो वहां देव सेन के साथ अज्ञात युवक का विवाद हो रहा था। विवाद छुड़ाकर देव सेन को लेकर जा रहा था। तभी मोहल्ले का दीपक नेपाली, गुलाबो, विकास तीनों एक राय होकर जबरन गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में पीड़ित के पेट, हुड्डी के पास चोंट आई है।

# 5 रुपये को लेकर दो पक्षों में मारपीट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

5 रूपये के बिस्किट के पैसे के लेन देन के संबंध में दो पक्षो में मारपीट हो गई, जिसके बाद दोनो ही पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे पुलिस ने अलग अलग धाराओ के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जिसमे प्रथम पक्षकार ग्राम सतमरा निवासी रामेश्वरी साहू ने पुलिस को बताया कि घर में किराना स्टोर्स व आटा चक्की का दुकान है, दुकान को मैं, मेरे पति और मेरा लड़का तीनों मिलकर चलाते हैं। गांव का ज्ञानचंद साहू हमारे दुकान किराना स्टोर्स में आया तो मैं बोली कि आपका दो दिन पूर्व 5 रू. बिस्किट का पैसा बाकी है, उसे कब दोगे जिस पर ज्ञानचंद साहू बोला कि मेरा कितना पैसा इधर उधर फंसा है, तुम्हारी क्या औकात है, तुम 5 रू. के लिये बोल रहे हो, कहकर गाली गलौज करते हुए घर चला गया। थोड़ी देर बाद ज्ञानचंद साहू आया और मुझे 5 रू दिया और बोलने लगे कि तुम मुझे 5 रू के लिये बोल रही हो, कहकर गाली गलौज कर चला गया, थोड़ी देर बाद ज्ञानचंद साहू और उसके पिता माखन लाल साहू दोनों मेरे दुकान के सामने आकर दोनों गाली गलौज किये जिसे सुनकर मेरे पति छन्नु साहू घर से बाहर निकले और माखन साहू को समझा रहे थे, तो माखन साहू मेरे पति छन्नु साहू का गला पकड़ लिया था ।

# मरोदा में रोपे 500 से ज्यादा फलदार पौधे, सहेजने का लिया संकल्प

## ग्रीन मरोदा क्लीन मरोदा अभियान का आगाज, जनप्रतिनिधियों से भी सहभागिता की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



मरोदा सेक्टर बी पॉकेट में ग्रीन मरोदा क्लीन मरोदा की थीम पर 500 से भी ज्यादा फलदार वृक्ष रोपे गए। ओणम, गणेश चतुर्थी, मिलादुन्नबी और शिक्षक दिवस के पावन पर्व में फलदार पौधे लगाने की योजना को साकार किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय पर्यावरण संगठन के लोग भी मौजूद रहे, खाली और विरान जगह पर फलदार वृक्षों की नर्सरी लगने से वार्ड की सुंदरता बढ़ेगी।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अशोक माहेश्वरी संस्थापक योग लंगर मौजूद थे। उन्होंने कहा कि प्रकृति की सेवा ही हम सभी का धर्म है और उस सेवा में निरंतर केशव बंछोर लगे हुए हैं, वे हमारे सदस्य हैं यह गौरवशाली क्षण है। प्रख्यात कलाकार दुष्यंत हरमुख भी पूरे पौध रोपण के दौरान मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि केशव बंछोर का लगाव पर्यावरण के प्रति सदैव रहा है वार्ड के लोगों को उनके प्रत्येक कार्यकाल में नवाचार देखने को मिलता है। यह भी अनूठी पहल है। कार्यक्रम मे पर्यावरण प्रेमी रोमशंकर यादव भी मौजूद थे। उन्होंने अपने हाथों से आम और अमरूद के पेड़ लगाए। इस दौरान उन्होंने कहा कि केशव बंछोर हमेशा सकारात्मक सोच रखते हैं। इस नर्सरी का हम लोग भी देखभाल करेंगे, अन्य जनप्रतिनिधि भी जरूर इससे प्रेरित होंगे।

**जनप्रतिनिधि की जवाबदारी भी है प्रकृति का संवर्धनः केशव बंछोरः** इस अवसर पर सभापति एवं वार्ड के पार्षद केशव बंछोर ने कहा कि हमारे आसपास को कैसे बेहतर बनाया जाए। पर्यावरण संवर्धन कहें या जल संवर्धन या बच्चों को बेहतर सुविधा देना हो एक जनता के लिए चुने जनप्रतिनिधि होने के नाते प्रकृति के देखरेख के लिए शासन प्रशासन को ध्यानाकर्षण कराके जनता को जागरूक कर हमें सहयोग लेकर काम करना होता है। ये हर जनप्रतिनिधि की जवाबदारी है। इस अनूठी पहल के लिए वार्ड के लोग, आसपास के पर्यावरण संगठन, निगम प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी और बीएसपी प्रबंधन के सहयोग से सम्भव हो सका है सभी बधाई के पात्र हैं।

**कार्यक्रम मे ये भी रहे उपस्थितः** उक्त आयोजन मे जानकी रमैय्या, सनीर साहू, विलास बोरकर, अभय सोनी, संजय चौधरी, उत्तम वर्मा, अमृत लाल चौहान, चंद्रकांत पटेल, मनहरन वर्मा, अशोक कंगाली, व्यास नारायण बघेल, ललित वर्मा, नंदू जैन, युगल चंद्राकर, एके पाण्डेय, राजेन्द्र वर्मा, संतोष राणा, ज्योति प्रकाश, अमित सिंह, नागवंशी, विमलेश शास्त्री, बबीता चौधरी, डॉ. शालिनी वर्मा, लुकेश्वरी ठाकुर, प्रिया पगारे, शोभा चंद्राकर, शशी ब्रम्हे, अरुणी वर्मा, गोकरण साहू, बिपिन बंछोर, सोमनाथ यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पीएम आवासों के लिए की गई केवाईसी और एनपीसीआई मैपिंग



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर पोटिया सरकारी स्कूल में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत विविध गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हितग्राहियों का उन्मुखीकरण, छात्र-छात्राओं एवं समाज प्रमुखों द्वारा निर्मित एवं निर्माणाधीन आवासों का भ्रमण, तथा मेगा ई-केवाईसी एवं एनपीसीआई मैपिंग कैंप का आयोजन कर ग्रामीणों को योजना की तकनीकी और व्यवहारिक जानकारी दी गई। इस अवसर पर विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे, जनपद अध्यक्ष लिमन साहू, सीईओ धमधा किरण कौशिक उपस्थित थे। बजरंग दुबे ने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने हितग्राहियों से आवास निर्माण में गुणवत्ता बनाए रखने की अपील की। सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ सुनिश्चित करने का आश्वासन भी दिया। कोर्सेवाड़ा ने प्रधानमंत्री आवास के उल्लेखनीय प्रगति के लिए जिला पंचायत सीईओ व उनकी टीम की प्रशंसा की। निर्माणाधीन आवासों का स्थलीय निरीक्षण भी किया गया। 35 हितग्राहियों का स्थल में ही एनपीसीआई मैपिंग की गई।

### सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर कार्यशाला आज

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर प्रति वर्ष भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार दुर्ग जिला भाजपा के द्वारा सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाता है। अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में 7 सितंबर दिन रविवार को दोपहर 2 बजे एक कार्यशाला आहूत की गई है। बैठक में सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर को लेकर चर्चा की जाएगी। इसे लेकर 7 सितंबर को कार्यशाला का आयोजन किया गया जाएगा। इसमें मुख्य वक्ता चुन्नीलाल साहू पूर्व सांसद महासमुंद, सह वक्ता संध्या परगनिया भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मंत्री होंगे। होने वाली कार्यशाला में सभी प्रमुख पदाधिकारी, कार्यकर्ता और वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे।

### सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिक्षकों का किया सम्मान

**भिलाई।** ओम वरिष्ठ नागरिक संघ



ने शिक्षक दिवस पर गणेश उद्यान नेहरू नगर ईस्ट में आयोजित समारोह में सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिक्षकों पुरषोत्तम साहू, विनायक राव देशमुख, धानेश्वर निर्मल, राजकुमार गुप्ता एवं भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन का शॉल, श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया। आरंभ में उद्यान में स्थित शिव मंदिर में पूजा के पश्चात पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समारोह को संबोधित करते हुए घनश्याम देवांगन ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के शिक्षक से राष्ट्रपति पद तक पहुंचने एवं उनका शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण में प्रभावी योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि डॉ. राधाकृष्णन ने शिक्षा को चरित्र निर्माण एवं समाज सुधार से जोड़कर देश की उन्नति का मार्ग प्रशस्त किया। सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिक्षक पुरूषोत्तम साहू ने कहा कि शिक्षकों को विद्यार्थियों, पालकों एवं समाज के सामने श्रेष्ठ आचरण प्रस्तुत करना चाहिए। समारोह को विनायक राव देशमुख, धानेश्वर निर्मल, राजकुमार गुप्ता ने भी संबोधित करते हुए शिक्षक दिवस की महत्ता प्रतिपादित किया। कार्यक्रम में तृप्ता सेन ने मधुर भजन एवं कन्हैयालाल देवांगन ने गीत प्रस्तुत किया। महिला मंडली ने मंदिर प्रांगण में भक्ति से ओत-प्रोत भजन एवं आरती की। इस अवसर पर गजानंद साहू, अनंतराम वर्मा, तुलसी वृंदा देवांगन, डब्ल्यू जी समर्थ, दुबे लाल सेन, जीवनलाल वर्मा, पवन कुमार पांडेय सहित अन्य मौजूद थे।

## लापरवाही : मेंटेनेंस के लिए नहीं फंड, इसलिए लोगों को नहीं मिल पा रहा फायदा

# 28 लाख से ज्यादा खर्च कर लगाए गए 18 वॉटर एटीएम हो गए कबाड़, पानी की बूंद तक नहीं टपक रही

## आदित्यनगर और हनुमान नगर में स्थापित वाटर एटीएम का नहीं हो रहा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अलग खबर

लोगों को सस्ता और सुलभ साफ पानी उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई वॉटर एटीएम योजना की हवा निकल गई है। मेंटेनेंस के अभाव में दुर्ग शहर में लगे 18 एटीएम दम तोड़ गए हैं। बनाए गए सभी सेंटर इन दिनों कबाड़ हो रहे हैं।

बता दें कि करीब 28 लाख रुपए खर्च कर इन एटीएम को शहर के अलग-अलग वार्डों में स्थापित किया गया था। इसमें प्रमुख रूप से आदित्य नगर, हनुमान नगर, पटेल चौक, पद्मनाभपुर, बस स्टैंड, राजेंद्र पार्क सहित अन्य जगहों पर वाटर एटीएम स्थापित किए गए हैं। वर्तमान में ये सभी बंद पड़े हैं, या नियमित रूप से पेयजल उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। हरिभूमि की पड़ताल में खुलासा हुआ है कि रखरखाव के अभाव में कई सेंटरों से उपकरण भी चोरी हो चुके हैं। बावजूद इसके लिए अब तक इन एटीएम को दोबारा शुरू करने को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई गई है। बता दें कि शासन ने रियायदी दर पर शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इसे शुरू किया था। ठंडा और नार्मल दोनों तरह का पानी उपलब्ध कराया जाना था, लेकिन योजना फिलहाल दमतोड़ गई है। जानकारी के मुताबिक पिछले करीब 6 महीने से मेंटेनेंस कराए जाने को लेकर कार्ययोजना तैयार की जा रही है। अब तक मेंटेनेंस नहीं कराया गया है।






### सार्वजनिक जगहों पर साफ पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई थी योजना

जानकारी के मुताबिक सार्वजनिक जगहों पर साफ पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह योजना शुरू की गई थी। वाटर एटीएम की योजना का उद्देश्य विभिन्न सरकारी पहलों के माध्यम से सुरक्षित और पीने योग्य पानी उपलब्ध कराना था। नागरिकों को स्मार्ट कार्ड के माध्यम से मुफ्त पानी प्रदान करने की योजना था। ये एटीएम स्वचालित रूप से सिक्का या स्मार्ट कार्ड के माध्यम से सुरक्षित और शुद्ध पानी वितरित कर रहा था। बाद में रखरखाव के अभाव में पूरी योजना दम तोड़ गई। वर्तमान में वाटर एटीएम मशीनों को रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंडों, अस्पतालों, बाजारों और झुग्गियों जैसे सार्वजनिक स्थानों के आसपास स्थापित किया गया है। कुछ जगहों पर वार्डों में भी मशीनें लगाई गई हैं। 1 रुपए लीटर के हिसाब से पानी दिया जाना था। दिया भी जा रहा था, बाद में एटीएम ही बंद पड़ गए।

### जिले में कई जगहों पर लगाए गए हैं वाटर एटीएम

जानकारी के मुताबिक वर्ष 2016 से 2018 के बीच शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगहों पर वाटर एटीएम लगाए गए हैं। जिला पंचायत कार्यालय परिसर में भी वाटर एटीएम लगाए गए थे। वर्तमान में ये सभी बंद पड़े हुए हैं। कुछ जगहों पर अब भी वाटर एटीएम की सुविधा शुरू है, लेकिन फिल्टर पानी के बजाए सार्वजनिक नलों से जोड़कर पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। इसे लेकर शिकायत भी हो चुकी है। बावजूद किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। जिन कार्य एजेंसियों ने इन वाटर एटीएम को लगाया, उनकी मियाद अवधि पूरी हो चुकी है। इस वजह से एजेंसी द्वारा भी इसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।

### भिलाई शहर में 50 से ज्यादा वॉटर एटीएम, सभी अनदेखी का शिकार

जानकारी के मुताबिक भिलाई शहर में 50 से ज्यादा जगहों पर वाटर एटीएम लगाए गए हैं। सभी अनदेखी का शिकार हैं। उनका मेंटेनेंस नहीं कराया गया है। इस वजह से कई जगहों पर एटीएम बंद पड़ गए हैं। इसका लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। अकेले जोन-5 क्षेत्र में कुल 26 वाटर एटीएम लगे हैं। जहां मिनरल वाटर 5 रुपए में 20 लीटर तक उपलब्ध कराया जाना है। टाउनशिप में कई मशीनों के नल, पैनल और सामान भी चोरी हो गए हैं। कई जगहों पर मोटर भी जल गए हैं। असामाजिक तत्वों द्वारा पानी का नल, पैनल और अन्य सामग्री भी चोरी कर लिया गया है। शिकायत के बाद भी इनके रखरखाव को लेकर व्यापक प्रयास नहीं किया गया है।

### मेंटेनेंस के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू की जा रही

वाटर एटीएम का मेंटेनेंस किया जाना है। इसे लेकर निविदा प्रक्रिया जल्द शुरू की जा रही है। सभी एटीएम को सुधारा जाएगा। शासन की यह महत्ती योजना है। इसका लाभ जनता तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता में है।

**-लीना दिनेश देवांगन,** प्रभारी जलकार्य नगर निगम दुर्ग

## कामधेनु यूनिवर्सिटी में खुला नया कुक्कुट केंद्र, होंगे नए रिसर्च



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- परियोजना के लिए 40 लाख रुपए स्वीकृत

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के अंतर्गत निदेशालय कुक्कुट अनुसंधान, हैदराबाद द्वारा संचालित अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना-कुक्कुट प्रजनन केन्द्र का कामधेनु विश्वविद्यालय में उद्घाटन हुआ। कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह की अध्यक्षता में निदेशालय कुक्कुट अनुसंधान हैदराबाद के निदेशक डॉ. आरएन चटर्जी के मुख्य आतिथ्य में यह कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर डॉ. यू. राजकुमार, राष्ट्रीय संयोजक एवं प्रधान वैज्ञानिक भारत सरकार, वेटनरी कॉलेज के डीन डॉ. संजय शाक्य, डॉ. जीके दत्ता, डॉ. धीरेन्द्र भोंसले, डॉ. दिलीप चौधरी इत्यादि उपस्थित रहे। केंद्र में स्थानीय कुक्कुट प्रजाति के जर्मप्लाज्म का समावेश करते हुए अण्डे एवं मांस हेतु उपयुक्त द्विकाजी नस्ल विकास हेतु अनुसंधान कार्य किया जाएगा। इस परियोजना हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में 40 लाख स्वीकृत किए गए। कुलपति डॉ. सिंह ने बताया कि इस प्रोजेक्ट में कुक्कुट अनुसंधान एवं कुक्कुट जर्मप्लाज्म वितरण को विश्वविद्यालय से बढ़ावा मिलेगा। जिसका लाभ छत्तीसगढ़ राज्य के ग्रामीण कुक्कुट पालकों को आजीविका सुधार एवं आय में वृद्धि से मिलेगा। डॉ. चटर्जी ने कुक्कुट नस्लों के विकास में अपने संस्थान के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि उनकी संस्थान के द्वारा विकसित वनराजा, ग्राम प्रिया उन्नत कुक्कुट की नस्लें पूरे देश में लोकप्रिय हैं। छत्तसीगढ़ राज्य के स्थानीय मुर्गी की नस्ल का चरित्रांकन कर उसकी अनुवांशिकता के उत्तम गुणों जैसे कि रोगप्रतिरोधक क्षमता, अधिकतापअवरोधक क्षमता इत्यादि का उपयोग जर्मप्लाज्म में करने से राज्य हेतु अधिक उपयुक्त कुक्कुट नस्ल विकसित हो पाएगी।

### मंत्री गजेन्द्र हुए शामिल

## द्वारिकाधीश अवतारी बाबा रामदेव की निकली भव्य शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- बाबा रामदेव के जन्मोत्सव कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव हुए शामिल
- समापन के दिन भंडारा का आयोजन, सामाजिक प्रतिनिधि हुए शामिल

बाबा रामदेव मंदिर गंजपारा में द्वारकाधीश अवतार बाबा रामदेव का जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन शाम 6:30 बजे आरती के बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभा यात्रा बाबा रामदेव मंदिर गंजपारा दुर्ग से प्रारंभ होकर नाका चौक, पुराना गंज मंडी चौक, शनिचरी बाजार, गांधी चौक, तमेर पारा, लुचकी तालाब चौक, इंदिरा मार्केट, पुराना बस स्टैंड, भाजपा कार्यालय होते हुए वापस बाबा रामदेव मंदिर पहुंची। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव शामिल हुए। उन्होंने मंदिर में बाबा रामदेव जी के दर्शन कर माथा टेका व प्रदेश के विकास व खुशहाली के लिए मनोकामना की।

बाबा जन्मोत्सव की उन्होंने समस्त भक्तों को बधाईयाँ दी व बाबा रामदेव के दिये संदेशों को जीवन में धारण करने की बात कही। कार्यक्रम की विशाल श्रृंखला के लिए उन्होंने बाबा रामदेव मंदिर समिति एवं माहेश्वरी पंचायत दुर्ग को बधाई दी। कथा वाचक बालयोगी पं विष्णु अरोड़ा, जावरा, मध्यप्रदेश द्वारा प्रतिदिन विभिन्न प्रसंगों पर राम कथा पर व्याख्यान दिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष माहेश्वरी पंचायत अशोक राठी, अध्यक्ष बाबा रामदेव मंदिर समिति मुकेश राठी, सचिव डॉ. शंकर दम्माणी, महेश टावरी, आनंद राठी, रामदेव टावरी, चंद्रकांत राठी, आनंद चांडक, गोपाल राठी सहित अन्य मौजूद थे।

## चेंबर के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पहुंचे भिलाई, व्यापारियों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- भिलाई चेंबर के पदाधिकारियों ने किया सम्मानित

छतीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थोरानी उद्योग चेम्बर के लिए निर्यात नीति पर चर्चा करने विशेष रूप से भिलाई पहुंचे। इसके पूर्व पूर्व कुम्हारी के व्यापारियों ने कुम्हारी में उनका स्वागत किया। भिलाई 3 के व्यापारी सिरसा चौक पर उनसे मिले। इंडस्ट्रीज क्षेत्र में छावनी चौक, जेपी चौक पर भी भव्य स्वागत किया गया। चेम्बर कार्यालय में श्रीफल समर्पित कर कार्यालय में प्रवेश किया। सतीश थोरानी ने कहा कि सार्थक व सकारात्मक प्रयास की गूंज पूरे प्रदेश में है। व्यापारियों के लिए हमेशा तत्पर रहकर शासन के साथ सेतु का कार्य करते हैं। निर्यात कर और जीएसटी के संशोधन पर सरकार का आभार करते हुए कहा कि इस संशोधन से व्यापारी और ग्राहक दोनों को लाभ होगा। स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अजय भसीन, गारगी शंकर मिश्रा, निकेश बरडिया, दिनकर बासोतिया, प्रभुनाथ बैठा, इंदरजीतसिंह, जेपी गुप्ता, अजीत सिंह, सुमन कनौजे, सरोजनी पाणिग्रही, अनिल अग्रवाल, मनोहर कृष्णानी सहित अन्य मौजूद थे।

## शान्ताराम का निधन राष्ट्रभक्त समाज के लिए अपूर्णीय क्षति



**भिलाई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक शान्ताराम का निधन हो गया। जानकारी के बाद सांसद विजय बघेल उनके घर पहुंचे। बघेल ने कहा कि उनका निधन न केवल संघ संगठन के लिए, अपितु सम्पूर्ण राष्ट्रभक्त समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। शान्ताराम का संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा, संगठन निर्माण, सांस्कृतिक जागरण और समाज जागृति के लिए समर्पित रहा। वे सादा जीवन, उच्च विचार और कठोर तप की प्रतिमूर्ति थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में उन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण संगठन की सेवा और भारत माता के यश के लिए अर्पित किया।

मूल रूप से महाराष्ट्र के निवासी रहे शान्ताराम ने अपना कार्य प्रारंभ मध्यप्रदेश के सागर जिले में जिला प्रचारक के रूप में किया। इसके बाद वे रायपुर विभाग प्रचारक, छत्तीसगढ़ प्रांत प्रचारक, मध्य क्षेत्र के प्रचार प्रमुख एवं सम्पर्क प्रमुख जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों पर रहे। उनकी कार्यशैली, अनुशासन, आत्मनिष्ठा और नेतृत्व क्षमता ने संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। वे ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने संगठन की विचारधारा को अपने जीवन में पूर्ण रूप से आत्मसात किया और उसे व्यवहार उतारा। बघेल ने वीवाई हॉस्पिटल पहुंच कर दिवंगत के अंतिम दर्शन किए।

## कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जारी किया आदेश, तत्काल प्रभाव से लागू

# प्रशासनिक कसावट के लिए अपर, संयुक्त और डिप्टी कलेक्टरों में कार्य विभाजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग




कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिले में पदस्थ अपर, संयुक्त और डिप्टी कलेक्टरों के कार्यों और जिम्मेदारियों का विभाजन किया है। उन्होंने शनिवार को इसे लेकर आदेश जारी किया। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। अपर कलेक्टरों में अभिषेक अग्रवाल, योगिता देवांगन एवं वीरेन्द्र सिंग के मध्य कार्य विभाजन किया गया है।

अभिषेक अग्रवाल को अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट दुर्ग के न्यायालयीन कार्य, रोस्टर के अनुसार तहसील, अनुविभाग कार्यालय, उप पंजीयक कार्यालय, जनपद कार्यालय का निरीक्षण, समयावधि में पेश शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण, शस्त्र अनुज्ञप्ति स्वीकृति एवं नवीनीकरण आदेश के पश्चात लाइसेंस बुक तथा लाइसेंस पंजी के प्रविष्टियों पर हस्ताक्षर एवं सत्यापन, अस्थाई पटाखा लाइसेंस का नवीनीकरण, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, नोडल अधिकारी धान उपार्जन, धान संग्रहण, नोडल अधिकारी कस्टम मिलिंग, नोडल अधिकारी एग्रीस्ट्रेक परियोजना, नोडल अधिकारी डिजिटल कॉप सर्वे, नोडल अधिकारी वेटलैंड सर्वे, नोडल अधिकारी वन भूमि सत्यापन सहित अन्य जिम्मेदारी सौंपी गई है। योगिता देवांगन को न्यायालय अपर कलेक्टर दुर्ग, धमधा, पाटन अनुभाग के अंतर्गत भू-राजस्व संहिता से संबंधित अपील पुनरीक्षण एवं पुनर्विलोकन प्रकरण, अवैध उत्खनन, शासकीय कर्मचारियों के वारिसान प्रमाण पत्र, भवन के किराया निर्धारण, नजूल एवं नजूल जांच से संबंधित समस्त नस्तियों एवं प्रकरणों सहित अन्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वीरेन्द्र सिंह को न्यायालय अपर कलेक्टर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सामान्य निर्वाचन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन, परिसीमन, राजस्व विभाग से संबंधित विधानसभा प्रश्नों की जानकारी समय पर भेजने हेतु नस्ती कलेक्टर के समक्ष पेश करना, जिले में प्राकृतिक आपदा के प्रकरणों का निराकरण (आरबीसी 6-4) सहित अन्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अन्य अधिकारियों के कार्यों का भी विभाजन किया गया है।

# खबर संक्षेप

## सेलूद चौक में होगा मंत्री यादव का भव्य स्वागत

**सेलूद।** भारतीय जनता पार्टी स्थानीय समिति सेलूद के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ शासन के नवनियुक्त शिक्षा विभाग मंत्री गजेन्द्र यादव के प्रथम पाटन आगमन पर रविवार 7 सितम्बर को सेलूद में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर शक्ति केंद्र सेलूद के संयोजक रमेश देवांगन ने जानकारी दी कि मंत्री श्री यादव का स्वागत बजरंग चौक, सेलूद में दोपहर 12 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण शामिल होंगे। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर नवनियुक्त मंत्री का अभिनंदन किया जायेगा।

## जनप्रतिनिधियो ने किया शिक्षकों का सम्मान



**अंडा।** ग्राम पंचायत भानपुरी के जनप्रतिनिधियो द्वारा शिक्षक एवं शिक्षिकाओ का सम्मान समारोह का कार्यक्रम रखा गया।कार्यक्रम मे भानपुरी स्कूल के समस्त शिक्षको का सम्मान प्रतीक चिन्ह, श्रीफल से किया गया। इस कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से क्षेत्रीय जनपद सदस्य एवं सभापति लोमश चंद्राकर,सरपंच उमेंदी राम ठाकुर, उपसरपंच विक्रम सिंह , पंचगण चित्ररेखा देशमुख, कुमारी बाई यादव, देवेंद्र देवांगन, मेनका बाई यादव, विमला दीवान, रंजीत कुमार साहू, आरती देवी देशमुख, यशवंत देवांगन, नीरा ठाकुर, सीता ठाकुर, श्रवण कुमार देशमुख, संतोष सोनवानी, प्रदीप देशमुख, योगेश्वर देशमुख, धर्मेंद्र सेन आदि मौजूद थे।

# शिविर में ग्रामीणों को प्रेरित किया नेत्रदान के लिए

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरैना में नेत्रदान पखवाड़ा के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 25 अगस्त से 8 सितंबर तक राष्ट्रीय नेत्र नेत्रदान पखवाड़ा आयोजन किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में अंधत्व नोडल अधिकारी दुर्ग डॉ. संगीता भाटिया एवं खंड चिकित्सा अधिकारी पाटन डॉ. भुवनेश्वर कठौतिया के मार्गदर्शन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरैना में नेत्रदान पखवाड़ा के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर नेत्र सहायक अधिकारी योग्या बंडी ने उपस्थित नागरिकों को आंखों के देखभाल के संबंध में आवश्यक स्वास्थ्य शिक्षा दिया साथ ही नेत्रदान के महत्व पर भी जानकारी देते हुए कहा कि नेत्रदान ऐसा पुण्य कार्य है जिसमें किसी अंधे व्यक्ति की जिंदगी में उजाला लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नेत्रदान के लिए ना तो उम्र की कोई सीमा है और न ही जाति धर्म का बंधन यहां तक की चश्मा पहनने वाले एवं मोतियाबिंद का ऑपरेशन कर चुके लोग भी नेत्रदान कर सकते हैं। उन्होंने अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति को नेत्रदान करना चाहिए तथा परिवार के व्यक्तियों को भी नेत्रदान के लिए प्रेरित करने का कार्य किया जाना चाहिए इसके लिए समाज में अधिक से अधिक जागरूकता लाने की आवश्यकता है। इस दौरान मरीजो की आंखों की जांच की गई एवं उचित जांच एवं सलाह दी गई। इस अवसर पर मेडिकल ऑफिसर डॉ आर एस सत्यार्थी एवं पीएचसी पुरैना के स्टॉफ मौजूद रहे।

## अमर शहीद दुर्वासालाल निषाद की स्मृति में हुआ कार्यक्रम

# अमर शहीदों के बलिदानों के चलते हमारा देश सुरक्षित : कोर्सेवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा





कारगिल युद्ध के दौरान मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण उत्सर्ग करने वाले अमर शहीद दुर्वासालाल निषाद की स्मृति में गुण्डरदेही विकास खंड के ग्राम देवरी ख में स्थापित प्रतिमा के सामने श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक अहिवारा क्षेत्र डोमन लाल कोर्सेवाडा ने कहा कि वतन की खातिर हुए इस बलिदानी की शहादत पर हम सबको गर्व है, ऐसे शहीदों की शहादत के बदौलत ही हमारा देश सुरक्षित है। अध्यक्षता कर रही सरपंच ग्राम पंचायत देवरी ख कुसुम प्रमोद देशमुख ने भी शहीद को अपनी श्रद्धांजलि दी। आयोजन में शहीदों के परिजनों का सम्मान किया गया। वहीं मेधावी बच्चों को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि दंतेश्वरी निषाद विधायक गुण्डरदेही क्षेत्र कुंवर सिंह निषाद की धर्म पत्नी, पुरुषोत्तम चंद्राकर अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही, अध्यक्ष भाजपा मंडल ओटेबंध कुलदीप साहू, अध्यक्ष अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिसर बालोद नंदकिशोर साहू, संरक्षक अखिल भारतीय पूर्व सैनिक संघ पवन निषाद जी, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ आर्मी फाउंडेशन दुर्ग हरप्रीत सिंह, पूर्व अध्यक्ष निषाद समाज जिला दुर्ग एवं साहित्यकार बद्री प्रसाद पारकर और परदेशी राम वर्मा थे। शहीद के पिता मुन्नीलाल निषाद एवं माता बोधनी बाई निषाद, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक मातृ शाक्ति निठ. दुर्ग अध्यक्ष सावित्री निषाद और सचिव मंजू टंडन उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में उपस्थित पंचायत सचिव गुलाब साहू, उपसरपंच अंसू गायकवाड, प्रमोद देशमुख, गिरधर देशमुख, पूर्व सरपंच खिलेन्द साहू, पूर्व सरपंच भेल सिंह साहू, कुंदन निषाद , भूपेंद्र निषाद, सुमन धृतलहरे, ओमप्रकाश, ललित साहू, महेश देशमुख, शिवकुमार गायकवाड, उत्तम गायकवाड सहित ग्रामवासी उपस्थित थे। मंच संचालन व आभार प्रदर्शन शिक्षक जीवन लाल चन्द्राकर ने किया ।

## भाजपा प्रदेश मंत्री वर्मा का हूआ आत्मीय स्वागत



**पाटन।** छत्तीसगढ़ भाजपा की नवगठित कार्यकारिणी में प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा का दायित्व संभालने के बाद पहली बार गृह ग्राम झाड़मोखली एवं समीपवर्ती रंगकठेरा गाँव आगमन पर ग्रामीणों, भाजपा कार्यकर्ताओं और आसपास के जनप्रतिनिधियों ने भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान श्री वर्मा ने कहा कि यह सम्मान मेरे लिए केवल गर्व की अनुभूति ही नहीं बल्कि जनसेवा के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत रेंगाकठेरा (झाड़मोखली) सरपंच ममता राजू मेश्राम, नगर पंचायत पाटन अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, जनपद पंचायत पाटन उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, बोरेंदा महामंत्री निर्मल जैन, रानीतराई महामंत्री पुणेन्द्र सिन्हा, जामगांव आर सभापति जनपद पंचायत पाटन रवि सिन्हा, निपानी औसर द्रोण चंद्राकर भरर, कुणाल वर्मा पाटन आदि मौजूद थे।

# अंचल की खबरें

## विधायक ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन



**धमधा।** साजा विधायक ईश्वर साहू ने विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग, संभाग दुर्ग द्वारा हिर्री से मडियापार मार्ग (लंबाई 2.25 किमी) के निर्माण कार्य की स्वीकृत लागत 281.12 लाख तथा अनुबंध की राशि 207.44 लाख है। इस अवसर पर विधायक साहू ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने विधायक साहू का स्वागत किया और उनके नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## रोजगार की संभवानाओं पर दिया मार्गदर्शन



**धमधा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्य. विद्यालय कन्या धमधा में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं हेतु करियर काउंसलिंग हेतु कैरियर मार्गदर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र से डिप्टी डायरेक्टर सी के केडिया एवं ईश्वर प्रसाद साहू देव ने विद्यार्थियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से करियर एवं रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। श्री केडिया ने रोजगार के तीन मूल क्षेत्र सरकारी, निजी और स्वरोजगार पर चर्चा की। श्री साहू ने स्वरोजगार हेतु योजनाओं एवं ऋण प्राप्त करने की सुविधाओं के बारे में बताया। कमलेश मारकंडे ने अतिथियों का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

## पाटन कॉलेज में रसायन शास्त्र परिषद गठित




**पाटन।** शासकीय चंदुलाल चंद्राकर महाविद्यालय में रसायन परिषद का गठन किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्या डा नंदा गुरुवारा, विशिष्ट अतिथि डा आर के वर्मा विभागाध्यक्ष गणित, प्रवीण जैन विभागाध्यक्ष, वनस्पति शास्त्र, जागृत कुमार विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र, डा अरुणा साव सहायक प्राध्यापक डा पोखराज शर्मा और अतिथि प्राध्यापक सहित समस्त विद्यार्थी एम.एस.सी. प्रथम एवं तृतीय सेस्टर शामिल हुए। रसायन परिषद में अध्यक्ष पायल साहू एम.एस.सी., तृतीय सेमेस्टर उपाध्यक्ष नेहा वर्मा एम.एस.सी., प्रथम सेमेस्टर सचिव भूमिका साहू एम.एस.सी., तृतीय सेमेस्टर तथा सह सचिव दुर्गेश कुमार वर्मा एम.एस.सी प्रथम सेमेस्टर मनोनीत किए गए। प्राचार्य डा नंदा गुरुवारा ने पदाधिकारियों को कर्तव्य पालन एवं दायित्वों के निर्वहन हेतु शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन तथा आभार प्रदर्शन डा अरुणा साव सहायक प्राध्यापक ने किया।

## मोहित को राष्ट्रीय शिखर साहित्य सम्मान



**सेलूद।** साहित्य शिखर अकादमी छत्तीसगढ़ संबद्ध-धरोहर-हमर गौरव के तत्वावधान में लोककला, साहित्य,समाज सेवा,कला कृति, शिक्षाविद्, मातृशक्ति, पत्रकार और कृषक आदि के लिए राष्ट्रीय सम्मान समारोह का आयोजन रायपुर के वृंदावन हाल शिविल लाइन किया गया। इसके अंतर्गत मोहित कुमार शर्मा को राष्ट्रीय शिखर साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया मुख्य अतिथि महाराजा कमलचंद भंजदेव बस्तर, विशिष्ट अतिथि नवीन अग्रवाल अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर, पद्मश्री अनूप रंजन पाण्डेय जगदलपुर, पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर बालोद, शकुंतला ढिलेन्द्र सेन अध्यक्ष जनपद पंचायत धरसीवां, दिनेश खुंटे उपाध्यक्ष जनपद पंचायत धरसीवां और सविता चन्द्राकर सभापति जिला पंचायत रायपुर रहे। इस पूरे कार्यक्रम के संयोजन डां.मन्नूलाल चेलक अध्यक्ष शिखर साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ थे।

## गौवंश को बचाने विकसित करें गौ-चरागाह : यादव



**धमधा।** छत्तीसगढ़ यादव समाज के उपाध्यक्ष रमन लाल यादव ने गौवंश को बचाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आजकल सड़कों और खेतों के किनारे दुर्घटनाग्रस्त होकर गौवंश की मृत्यु होना गंभीर समस्या बन गई है। इसका मुख्य कारण चारे की कमी और किसानों द्वारा खेतों में कांटा तार बाड़ लगाना है। उन्होंने शासन-प्रशासन से अपील की कि तालाब किनारे, नालों के दोनों ओर तथा खाली सरकारी जमीनों पर गौ-चरागाह विकसित किया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि – ग्राम पंचायतें चरागाह स्थलों का संरक्षण करें। किसानों को खेत में आग लगाने पर प्रतिबंध लगाया जाए। रोजगार गारंटी के तहत पैरा (पराली) से भोजन का प्रबंध किया जाए। पशुपालकों को राहत देने हेतु दूध पर 100-200 रुपये प्रति लीटर की सब्सिडी दी जाए। गोवंश खरीद हेतु विशेष योजनाएँ चलाई जाएँ। उन्होंने यह भी कहा कि चारे की कमी के कारण गौवंश भटकते हैं और दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं। कई जगह किसानों द्वारा चरागाह की जमीन पर अवैध कब्जा भी समस्या को और बढ़ा रहा है। रमन लाल यादव ने कहा कि शासन को गौशाला बनाने के बजाय गौ-चरागाह विकसित करने पर ध्यान देना चाहिए। क्योंकि कई बार गौशालाओं में भ्रष्टाचार होता है और गायों की उचित देखभाल नहीं हो पाती। अंत में उन्होंने दो सुझाव दिए कि गौशालाएँ केवल पहाड़ी व मैदानी इलाकों में बनाई जाएँ, जहाँ गाय सुरक्षित रह सके। किसानों की सुविधा के लिए खेत सड़क योजना लागू हो, ताकि पशुपालक और कृषक मिलकर काम कर सकें।


# बिजनेस साइट

## श्रद्धा मांटेसरी स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस



**भिलाई।** श्रद्धामान्टेसरी हायर सेकेण्डरी स्कूल खुर्सीपार में सर्वपल्ली डॉ.राधाकृष्णन का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय की प्राचार्या राधा चतुर्वेदी, अनूप चतुर्वेदी द्वारा सभी अतिथियों व शिक्षक शिक्षिकाओं का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व राज्य मंत्री बीड़ी कुरैशी, सचिव राधारमण चौबे, श्याम लाल साहू, के .कोटेश्वर राव ने राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में सभी टीचरों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि समाज को दिशा देने में हृदय से टीचर अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं, तभी एक स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज का निर्माण होता है। कार्यक्रम का संचालन हेमंत त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर भारती रेड्डी,अनिल शर्मा, कन्नावरम,एस,के पांडेय,शिव चौधरी,राम अशिस चौरसिया, उदासिनी सेनापति, शुभ्द्रा निषाद, महेश्वरी,नीला पांडेय,सोहनी साहू, राज्य लक्ष्मी, जमा, संगीता शुक्ला,नीरजा,वर्षा यादव, प्रियंका, नीलम, इती माइती, पिंकी, पायल आयुषी मुस्कान, खुशी किर्ति, प्रिती, बबलू ,मालती, द्रोपदी, गीता इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## सन वैली इंग्लिश मीडियम स्कूल में मना टीचर्स डे



**भिलाई।** सन वैली इंग्लिश मीडियम स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा कोहका अध्यक्ष गोपाल साहू मंडल मंत्री धीरज सेन, सुपेला मंडल मोर्चा मंत्री मनीष साहू व युवा नेता चंद्रशेखर नागवंशी उपस्थित थे। विधायक के द्वारा सम्मानित प्रमाण पत्र और मेडल दिया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में बच्चों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी गई। स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यार्थी मौजूद थे। टीचर्स तथा बच्चों के द्वारा स्पीच भी दिया गया।

## उदय पब्लिक स्कूल में शिक्षकों का किया सम्मान



**भिलाई।** उदय महाविद्यालय, उदय पब्लिक स्कूल जामुल-भिलाई एवं उदय इग्लिश मीडियम स्कूल छावनी-भिलाई संयुक्त रूप से शिक्षक दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा में माल्यार्पण कर, संस्था के संचालक डॉ. टीआर साहू ने शिक्षक दिवस की बधाई के साथ संस्था में कार्यरत समस्त शिक्षकों को सप्रेम भेंट से सम्मानित किया। प्रत्येक शिक्षकों को अपने शिक्षकीय कार्य में पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी, जिम्मेदारी, लगन, मेहनत, समय-समय पर नवीन ज्ञान कौशलों का विकास होना आवश्यकता बताया ताकि छात्रों का सर्वांगीण विकास हो सके। आज के छात्र-छात्राए देश का भविष्य है। छात्रों में अच्छी आदतों, व्यवहारों एवं संस्कारों से उन्नत, मजबूत राष्ट्र का निर्माण होता है। प्राचार्या डॉ. अलिपा साहू ने कहा कि कर्म ही पूजा है। संस्था के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

# पुरानी परंपरा कायम, आज भी गोत्र वाचन करते हैं परमानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



भारत की विशिष्ट सांस्कृतिक परंपराओं में लोक साहित्य का अपना विशिष्ट स्थान है। इसमें तरह-तरह के लोकगीतों, लोक कथाओं, लोकनाट्यों, लोक नृत्यों में सभी नौ प्रकार के रसों का समावेश है। वहीं यहां निवासरत विभिन्न जाति- समुदाय के विशिष्ट लोगों, प्रेरणा पुरुषों, साहसी नायको, वीरों, वीरांगनाओं सहित गढ़-किलों के इतिहास का वाचन करने की परंपरा भी विशिष्ट स्थान रखती है। राजस्थान के राजा-महाराजाओं का गुणगान करने, यश गान करने, युद्ध के दौरान योद्धाओं को उत्साहित करने, युद्ध कौशल की प्रशंसा करने सहित चारण-भाटों द्वारा गोत्र लेखन व समय-समय पर वाचन की परंपरा भी प्रचलित है।

जनजाति शोधार्थी राम कुमार वर्मा ने अपने शोध कार्य के दौरान प्राप्त अनुभवों से बताया कि छत्तीसगढ़ में भी राव-भाट समुदाय के लोगों द्वारा भी आज भी अपने पुरखों के चलागन उनके मुताबिक अलग-अलग जाति- समुदाय के गोत्रों का वाचन करने की परंपरा रही है। यहां लगभग सभी जातियों विशेष रुप से मैदानी क्षेत्रों में निवास करने वाले कृषक और अन्य शिल्पकारों, पौनी-पसारी समुदाय के लोगों की जाति के भाट अंतिम पीढ़ी के रुप में निवास करते हैं, जो वास्तविक रुप से कवित्त,गोत्र उच्चारण, गोत्र पहचान, साखोचार वाचन का पैतृक कार्य करते हैं। पर वर्तमान के बढ़ते आधुनिक सूचना-संचार और इलेक्ट्रॉनिक प्रौद्योगिकी के समय में भी इसे बचाए रखना, जहां एक चुनौतीपूर्ण कार्य है।

वहीं लोगों की मानसिकता में परिवर्तन आने व जजमानों के मन में समुचित सम्मान न होने के कारण अब इस कार्य से आने वाली पीढ़ियां दूर हटते जा रही हैं।

## संकुल स्तरीय शिक्षकों का हुआ सम्मान



**अंडा।** संकुल केंद्र कुथरेल में संकुल स्तरीय शिक्षक सम्मान का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैल चित्र पर माल्यार्पण करने के पश्चात , संकुल के सभी संस्थाप्रमुखो के साथ साथ संकुल के सभी शिक्षक शिक्षकाओ को उनके द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किये गए उत्कृष्ट कार्य के लिये संकुल समन्वयक विवेकानंद दिल्लीवार और संकुल प्रभारी इंदु मलिक प्राचार्य कुथरेल ने शिक्षक शिक्षिकाओ को स्मृति चिह्न एवम पेन देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शा पूर्व मा शाला कुथरेल के विधायक प्रतिनिधि अगराहिज निर्मलकर भी उपस्थित थे ।

## पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया साहू भाईयों ने



**पाटन।** स्थानीय निवासी आदित्य साहू और अश्विन साहू ने अपने घर में विराजे गणपति महाराज को हवन पूजा करने के पश्चात घर में ही विसर्जन कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे अपने घर पर मिट्टी से बने गणेश की मूर्ति स्थापित करें और घर में ही विसर्जन करें, जिससे नदी नाले के जल को दूषित होने से बचाया जा सके। पर्यावरण संरक्षण से हमारे आसपास के वातावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने में मदद मिलती है। प्रेस क्लब के अध्यक्ष करन साहू के सुपुत्र आदित्य और अश्विन साहू की इस पहल की अंचल में व्यापक सराहना हो रही है।

## स्नेह मिलन में पुरानी यादें की ताजा

# दो दशक बाद फिर मिले स्कूली विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल अंडा, दुर्ग में भूतपूर्व विद्यार्थियों का स्नेह समारोह को शाला प्रांगण में सम्पन्न हुआ। जिसमें सत्र 2000 से 2025 के भूतपूर्व विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी।

स्वागत वंदन ममता वर्मा ने किया। संचालन करते हुए स्वाति कोठारी ने क्विज के माध्यम से पुरानी यादें शेयर करवाई और पुरस्कृत भी किया गया। भूतपूर्व विद्यार्थियों में रवि कुमार देशमुख ने बच्चों को अनुशासन में रहने व कड़ी मेहनत करने की सीख दिया। भावेश सिन्हा ने मेडिकल व कृष जोशी ने इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा के विषय में जानकारी दी। जाह्नवी चंद्राकर ने खेल के प्रति अपनी रूचि बढाने हेतु प्रेरित किया। रूपेश साहू, शेखर,टीनू, दानेश, दीपांशु और नवीन देशमुख ने अपने अनुभव प्रदान किए। नूतन, वीणा, जागृति, डोमेंद्र, रोनित, प्रवीण,एकता, वैशाली, खूशबू, हर्षित आदि भूतपूर्व विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर श्वेता साहू कक्षा 12 वी विज्ञान ने भूतपूर्व विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। पूर्व शाला विकास समिति के अध्यक्ष डी पी चंद्राकर,शाला विकास समिति के अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि डी डी साहू, प्रभारी प्राचार्य व्ही पद्मावती, जी आर साहू, रेणुका चंद्राकर, इंदु बंजारे, ममता वर्मा, गीता टंडन , कविता लिमजे, संजय सिन्हा,सरोज यदु, एन खान, एस मेश्राम, सीमा शर्मा, आर देवधरे, एल के देशमुख, सुधा चेलक, बी के यदु, बी आर साहू, भोज साहू, विभा दुबे,श्वेता भिमटे,संध्या दुबे,के के सिन्हा, एम भारदीय, दामिनी साहू, चांद माला, सुनील, साधना, संतोष की गरिमामयी उपस्थिति रही। जी आर साहू ने आभार प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती पर श्वेता भिमटे व दामिनी साहू के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ की संस्कृति व विकास, सरकारी योजनाओं को दर्शाती हुई प्रदर्शनी आयोजित की गई थी।

# दिनभर खिली रही धूप, शाम को अचानक बादल आए और बरसे

**मौसम में बदलाव की वजह से अधिकतम तापमान 34 डिग्री पार, आज भी बारिश के आसार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शनिवार को दिनभर तेज धूप खिली रही। जिसकी वजह से अधिकतम तापमान 34 डिग्री से पार हो गया है। दुर्ग का अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है जो प्रदेशभर में दूसरे स्थान पर है। रायपुर से केवल .1 डिग्री सेल्सियस कम रहा। लोगों को पूरे दिन तेज गर्मी से सामना हुआ लेकिन शाम 6 बजे के बाद अचानक आसमान पर बादल घिर आए और अचानक बारिश भी शुरू हो गई। मौसम विभाग न आने वाले दो दिनों तक हल्की व मध्यम वर्षा होने की संभावना जताई है। शनिवार को पिछले 24 घंटों में छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई।



### प्रदेश में न्यूनतम तापमान दुर्ग में सबसे ज्यादा

प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 34.5C रायपुर में तथा सबसे कम न्यूनतम तापमान 21.0C दुर्ग में दर्ज किया गया है। न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.9 नीचे रहा है। वहीं अधिकतम तापमान सामान्य से 3.9 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। जिसकी वजह से लोगों को उमसभरी गर्मी फिर लगने लगी है।

### ये हैं मौसम का सिनोप्टिक सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक मानसून की द्रोणिका अब जैसलमेर से होकर गुजर रही है, जो दक्षिण राजस्थान के मध्यभागों, गुना, दमोह, पेंडर रोड, संबलपुर, गोपालपुर पर बने सुस्मा निम्न दाब क्षेत्र का केंद्र है और फिर पूर्व दक्षिण-पूर्व की ओर बंगाल की खाड़ी के पूर्व मध्य तक बनी हुई है। दक्षिण राजस्थान के मध्य भागों पर बने सुनिम्न दाब क्षेत्र से जुड़े चक्रवाती परिसंचरण से मध्य प्रदेश होते हुए उत्तर-पूर्व झारखंड तक समुद्र तल से 0.9 और 1.5 किमी ऊपर बनी हुई है। उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे सटे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के दक्षिण ओडिशा और उत्तरी आध्र प्रदेश के तटों पर समुद्र तल से 3.1 और 5.8 किमी ऊपर ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है।

## खबर संक्षेप



### कर्मियों को मिला कर्म शिरोमणि पुरस्कार

**भिलाई।** सेल- बीएसपी के आर.ई.डी. विभाग में कर्म शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रोसेनजीत दास रहे। दास ने कहा कि यह पुरस्कार केवल उत्कृष्ट कार्य के लिए ही नहीं बल्कि सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए भी प्रदान किया जाता है।

इस अवसर पर डोल कुमार चौहान, टेक सिंह एवं संतोष कुमार पाल को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किए गए तथा उन्हें उनके जीवनसाथियों हेतु भी प्रोत्साहन स्वरूप प्रशंसा पत्र भेंट किया गया। समारोह में महाप्रबंधक आर. गोपाल कृष्णन, उप महाप्रबंधक इन्द्रदीप चटर्जी, सहायक महाप्रबंधक अमित राय, अनिल पाढ़ी, मालिनी परगनिया, मोहम्मद शाबिर, प्रबंधक पुष्पेन्द्र सिंह एवं उप प्रबंधक सौरभ यादव उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विजेताओं की कार्यशैली एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी और भविष्य में और भी उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन उप प्रबंधक शालिनी चौरसिया एवं ऑफिस एसोसिएट हर्षिता नाग ने किया।

### भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बने हर्ष



**भिलाई।** भिलाई के होनहार युवा लेफ्टिनेंट हर्ष गोहिया का भारतीय सेना में कमीशन होना न केवल उनके परिवार के लिए गौरव का क्षण है, बल्कि पूरे भिलाई नगर और सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र बिरादरी के लिए प्रेरणादायी उपलब्धि है। यह माटी के लाल की कहानी है, जो दृढ़ संकल्प, अनुशासन और देशभक्ति की उन मूल्यों को जीवंत करती है, जिन पर भारतीय सशस्त्र सेनाओं की पहचान टिकी है।

## दोहरी नीति : बिना माइग्रेशन सर्टिफिकेट के विद्यार्थियों को दूसरे कॉलेजों ने नहीं मिलेगा प्रवेश

# हेमचंद यूनिवर्सिटी दे रहा सात दिन बाद माइग्रेशन सर्टिफिकेट, इधर कॉलेजों में दाखिले की मियाद पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

उच्च शिक्षा विभाग की अनुमति के बाद हेमचंद यूनिवर्सिटी ने कॉलेजों में दाखिले के अंतिम मौका 5 सितंबर तय किया है। यानी दाखिले की मियाद अब पूरी हो गई है।

प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन फार्म ऐसे विद्यार्थियों से मंगवाए गए थे जो अब तक प्रवेश के लिए आवेदन नहीं कर पाए हैं। लेकिन इनमें से ऐसे भी विद्यार्थी हैं जो यूनिवर्सिटी में पहले एक या दो साल की पढ़ाई के दौरान फेल हो गए। निजी कॉलेजों में दाखिले के लिए माइग्रेशन सर्टिफिकेट अनिवार्य है। इधर यूनिवर्सिटी द्वारा आवेदन के सात दिन बाद माइग्रेशन सर्टिफिकेट दिए जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में सैकड़ों विद्यार्थी दाखिले लेने से वंचित हो जाएंगे।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

**स्टूडेंट्स हो रहे परेशान, नहीं हो रही सुनवाई**



### माइग्रेशन सर्टिफिकेट के दौरान ही त्रुटि भी निकाल रहा स्टॉफ

हेमचंद यूनिवर्सिटी में माइग्रेशन सर्टिफिकेट लेने के दौरान ही मार्कशीट में पिता या माता के नाम की त्रुटि भी निकाली जा रही है। विद्यार्थियों ने बताया कि पहले ऑनलाइन आवेदन करवा रहे हैं। इसके लिए यूनिवर्सिटी द्वारा परिसर के बाहर निजी च्वाइंस सेंटरों में भेजा जा रहा है। वहां से आवेदन करने के बाद हार्डकापी को माइग्रेशन काउंटर में जमा लिया जा रहा है। इस दौरान बारहवीं-दसवीं के सर्टिफिकेट में यदि पिता या माता का नाम के बीच केवल स्पेस आ जा रहा है तो उसे त्रुटि बताकर लौटा दिया जा रहा। जबकि स्वयं के यूनिवर्सिटी द्वारा जारी अंकसूची में उसी तरह नाम अंकित हैं जैसे बारहवीं की अंकसूची में था।

### पूरे दिन में नहीं सुधार रहे त्रुटि

कॉलेजों में दाखिले के लिए विद्यार्थियों के पास समय की कमी है और यूनिवर्सिटी का स्टॉफ त्रुटि सुधार का शुल्क 240 रुपए जमा करवाने के बाद भी पूरा दिन बिता दे रहा है। इसलिए विद्यार्थी दूसरे दिन यूनिवर्सिटी आ रहा है। तब कहीं जाकर माइग्रेशन आवेदन की हार्ड कॉपी जमा ली जा रही है। प्रकियाओं में ही विद्यार्थियों को इतना उलझा दिया गया है कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एडमिशन के लिए स्पेशल डेट बढ़ाने के बाद उस मियाद में दाखिला नहीं ले पाएंगे। विद्यार्थियों का कहना है कि त्रुटि सुधार वाकई जरूरी है तो उसे एडमिशन लेने के बाद भी करवाया जा सकता है। लेकिन बिना त्रुटि सुधार के माइग्रेशन सर्टिफिकेट के आवेदन की कापी जमा नहीं लेना मनमानी है।

### 42 हजार सीटें हैं कॉलेजों में खाली

हेमचंद यूनिवर्सिटी के अंतर्गत दुर्ग संभाग के 162 सरकारी व निजी कॉलेज हैं। इन कॉलेजों में यूजी की 55074 सीटों हैं। जिसमें 18981 विद्यार्थियों ने ही प्रवेश लिया है। इस तरह यूजी की 36 हजार सीटें खाली रह गई है। पीजी की 15386 सीटें हैं। जिसमें 5816 विद्यार्थियों ने ही प्रवेश लिया है। इस तरह पीजी की 9570 सीटें रिक्त रह गई है। इन सीटों को भरने के लिए ही उच्च शिक्षा विभाग ने विशेष रूप से प्रवेश की तिथि 5 सितंबर तक किया था। खासकर निजी कॉलेज में विद्यार्थी नहीं आए तो उन्हे सबसे ज्यादा दिक्कतें संचालन में आएगी।

### यूनिवर्सिटी के पास ऑफलाइन सुविधा नहीं

यूनिवर्सिटी विद्यार्थियों को ऑनलाइन और ऑफ लाइन दोनों तरह की सुविधाएं स्वयं की उपलब्ध करवाने का दावा करता रहा है लेकिन ऐसी सुविधाएं इन दिनों यहां नहीं दिखाई देती। हरिभूमि ने इसकी पड़ताल की। विद्यार्थियों को यूनिवर्सिटी परिसर के सामने प्राइवेट सेवा केंद्रों में भेजा गया। वहां माइग्रेशन के लिए आवेदन करने पर शुल्क सहित 400 रुपए और त्रुटि सुधार के लिए 240 रुपए देने पड़े।

### इसी समय पता चलता है त्रुटि

“ जब विद्यार्थी माइग्रेशन सर्टिफिकेट लेने के लिए आता है तभी हम चेक करवाते हैं। इसी समय त्रुटि भी पता चलता है। माइग्रेशन सर्टिफिकेट आवेदन करने के पांच दिन बाद देने का नियम है। इसलिए सात दिन का समय विद्यार्थियों को दिया जा रहा है।

**-हिमांशु शेखर मंडावी**, प्रभारी अधिकारी माइग्रेशन

## पंडालों में धारदार हथियार लेकर घूम रहे आठ गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गणेश उत्सव के अवसर पर जिले की पुलिस द्वारा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। पंडालो में निगाह रखे जाने के लिए पुलिस सिविल ड्रेस में तैनात थी। पिछले दो दिनो में गणेश उत्सव पंडालों के आसपास चेकिंग की गई। 8 युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। इनके पास से धारदार हथियार जब्त हुआ है। सुपेला से राधिका नगर में युवराज सोनी,पद्मनाभपुर रायपुर नाका ओवरब्रिज के नीचे से अंकुश नायक, वैशाली नगर गौरथ पथ जवाहर चौक, कमलेश उर्फ भुरू, गोपी साहू, हर्ष कुमार उर्फ सोनू, अपचारी बालक से धारदार हथियार जब्त किया गया।

### मकान में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** केरल गए परिवार के मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि दिनेश बैंजामिन ने शिकायत किया था कि जयदीप सिंह के मकान सडक 1 जैन मंदिर रोड प्रगति नगर रिसाली के कीचन की कुंडी तोड़कर चोरी करने किया था।मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम धनोरा शक्ति नगर पदमनाभपुर निवासी तेजेश्वर जांगड़े उर्फ चिंटू को पकड़ा गया। पूछताछ में स्वीकार किया कि अपने साथी ठमेश्वर साहू उर्फ रवि के साथ मिलकर उक्त मकान में चोरी किया। पुलिस ने सोना चांदी के जेवरात, वाहन सीजी 07 बी एच 0309 को जब्त किया। सामानों की कीमत 1.40 लाख रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में नेवई प्रभारी कमल सिंह सेंगर समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

## ब्लॉक अध्यक्ष तय करने सरगर्मी तेज, आपसी सहमति से नाम तय करने किया जा रहा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कांग्रेस संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं के मनोबल को सशक्त करने के उद्देश्य से ब्लॉक अध्यक्षों का चुनाव होना है। इसे लेकर आपसी सहमति बनाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। हर ब्लॉक से एक नाम तय करने की कोशिश की जा रही है। इसे लेकर दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक खेल एवं सांस्कृतिक भवन सिविल लाइन में हुई। बैठक का आयोजन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार किया गया। बैठक में दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी, पार्षदगण, पूर्व पार्षदगण और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर छन्नी साहू पूर्व विधायक) को दक्षिण ब्लॉक प्रभारी के रूप में आमंत्रित किया गया। बैठक में पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की असली पहचान और सबसे बड़ी पूंजी हमारे जमीनी कार्यकर्ता हैं। आप सभी की निष्ठा, संघर्ष और समर्पण ही वह मज़बूत नींव है, जिस पर हमारी पार्टी की इमारत खड़ी है। हर परिस्थिति में हर मोड़ पर जब भी कांग्रेस ने संघर्ष किया है। कार्यकर्ताओं ने अपने पसीने और परिश्रम से पार्टी को संबल प्रदान किया है। आने वाले समय में आप सभी की सक्रियता से पार्टी सशक्त बनेगी। बैठक में पूर्व पार्षद प्रकाश जोशी, कमलेश नागर्ची, निकिता मिलिंद, भूपेंद्र वर्मा, सौरभ ताम्रकार, गुरदीप सिंह भाटिया, अजय मिश्रा, शरीफ खान सहित अन्य मौजूद थे।

■ ब्लाक अध्यक्ष तय करने के लिए हुई बैठक



## विद्यालय ही वह स्थान जहां जीवन की गंगा होती है प्रवाहित : डॉ. ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-2 में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती और शिक्षक दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी उपस्थित थे।

छात्राओं तनिष्का, आर्या पांडे, योगिता एवं किरणदीप ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह का स्वागत उद्बोधन पालक-शिक्षक समिति के अध्यक्ष ने किया। मुख्य अतिथि डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर ने कहा कि विद्यालय ही वह स्थान है जहाँ से जीवन की गंगा प्रवाहित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि कार्य ऐसा करना चाहिए, जिसे सदियों तक याद रखा जाए। अमूल्य प्रियदर्शी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी एक क्षेत्र में स्वयं को पारंगत कर उत्कृष्टता प्राप्त करनी चाहिए। आपको आपका स्किल ही जीवन के लक्ष्य को हासिल करने में मदद करेगा। प्राचार्य विजय सिंह पवार ने विद्यालय की गतिविधियों, उपलब्धियों एवं आगामी योजनाओं पर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर चारों सदनों के छात्र-छात्राओं ने शिक्षक दिवस की थीम पर ग्रीटिंग कार्ड भी प्रदर्शित किए। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला में क्वायर ग्रुप द्वारा सतीष मिश्रा एवं रजनी रजक के मार्गदर्शन में स्वागत गान, गुरु वंदना एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। नेहा सिंह के निर्देशन में तनिष्का एवं सहयोगी छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुति दी। वंदना सोनवाने के मार्गदर्शन में रूद्र सिंह एवं सहयोगी छात्रों ने क्लासरूम एक दिन पर आधारित नृत्य-नाटिका का प्रदर्शन किया। रजनी रजक ने इस अवसर पर लोकगीत प्रस्तुत किया। समारोह में उपस्थित अतिथियों द्वारा सभी शिक्षकों का श्रीफल एवं उपहार भेंटकर अभिनंदन किया गया।

■ बीएसपी भिलाई विद्यालय में शिक्षक अभिनंदन समारोह



## वैशाली नगर में हुई एबीयूएस की बैठक



**भिलाई।** अखिल भारतीय उड़िया समाज की बैठक मंत्री मंटू हरपाल के नेतृत्व में वैशाली नगर में संपन्न हुई। इस दौरान महिला पुरुषों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष जेएम तांडी , महासचिव टीके निहाल ने समाज के गतिविधियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। नशा, दहेज प्रथा,बाल विवाह को लेकर जागरुक किया। 21 सितंबर को होने वाले नुआखाई महोत्सव को लेकर जानकारी दी। बैठक में विधुर तांडी, तुफान दीप, छोटू सोना, नंदराज विभार, अमीत विभार, पाडू तांडी, अशोक बघेल, रवि पटनायक, अभिषेक विभार, गिरी विभार, किशोर नायक,लाल कुमार, अमर तांडी आदि मौजूद थे।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

**महापौर नीरज और निगम आयुक्त पांडेय से ली जानकारी**

# कलेक्टर ने तारामंडल और वूमेन फॉर ट्री स्कीम की प्रगति देखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कलेक्टर अभिजीत सिंह राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे हुए तारामंडल बाल उद्यान में वूमेन फॉर ट्री योजना के अंतर्गत वृक्षारोपण किये। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पांडेय द्वारा भी पौधों का रोपण किया गया है। कलेक्टर द्वारा इस योजना के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई । यह केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, इस योजना से नगरपालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत 8000 से अधिक पौधों का रोपण किया जा चुका है । 40 उद्यानों व स्थलों में कुल 12500 पौधों का रोपण किया जाना स्वीकृत है। महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से वृक्षारोपण सह संरक्षण की योजना से बेरोजगार महिलाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। वूमेन फॉर ट्री स्कीम शहर की हरियाली बढ़ाते हुए पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ महिलाओं को रोजगार प्रदान करते हुए सशक्त करने की भी योजना है ।

### नेहरूनगर में तारामंडल का किया अवलोकन

कलेक्टर नेहरू नगर पूर्व में निर्मित तारामंडल (प्लैनोटेरियम) का अवलोकन कर संचालन के संबंध में बारीकी से चर्चा किये। स्कूली बच्चों को तारामंडल में शैक्षणिक भ्रमण कराए जाने हेतु चर्चा किया गया है। साथ ही आम नागरिकों के भ्रमण हेतु प्रचार प्रसार की आवश्यकता के बारे में चर्चा किया गया है। जिला कलेक्टर द्वारा भिलाई में चल रहे हैं निर्माण कार्य सहित विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण भी किये हैं । वृक्षारोपण एवं अटल परिसर के निरीक्षण के दौरान महापौर नीरज पाल व आयुक्त राजीव पांडेय उपस्थित रहे । नेहरू नगर पूर्व स्थित नेहरू प्लेनेटोरियम का निरीक्षण किए। वूमेन फॉर ट्री योजना अंतर्गत उद्यान में पौधारोपण किये । समीपस्थ अटल परिसर के निर्माणाधीन कार्य का अवलोकन किये ।



### ग्रीन सिटी क्लीन सिटी

भिलाई शहर को ग्रीन सिटी और क्लीन सिटी के नाम से जाना जाता है केंद्र सरकार की वूमेन फॉर ट्री योजना के तहत किए जा रहे हैं वृक्षारोपण और विशेष तौर पर महिलाओं के लिए चल रहे विकास कार्यों को लेकर ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं की बहुत जल्द भिलाई की तस्वीर एक नए रूप में देखने को मिलेगी।

### खुर्सीपार में गारमेंट फैक्टरी का अवलोकन

कलेक्टर ने खुर्सीपार आई टी आई समीप गारमेंट फैक्ट्री का निर्माण किया जा रहा है जिसका अवलोकन किया । खुर्सीपार एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर खाद निर्माण व पृथकीकरण के कार्य की जानकारी प्राप्त की । उसके बाद हुडको अंतर्गत निर्माणाधीन मंगल भवन का बारीकी से अवलोकन किए। निरीक्षण का सिलसिला इसके बाद भी आगे चलता रहा और इस कड़ी में ग्राम सेमरिया स्थित निगम स्वामित्व की भूमि का अवलोकन किये और सीमांकन हेतु तहसीलदार को निर्देशित किये हैं। आगामी समय में सेमरिया में नगर निगम संबंधित बड़े योजना की तैयारी चल रही है ।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 7 सितंबर 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

04

घर में रखे पुराने दुपट्टे से बनवाएं फैशनेबल आउटफिट

## लाइव इवेंट

### बलराम जयंती पर किसानों का किया गया सम्मान



**दुर्ग।** भाद्र मास शुक्ल पक्ष षष्ठी को भगवान बलराम जयंती के अवसर पर भारतीय किसान संघ द्वारा प्रदेशभर में किसान दिवस मनाने का आह्वान किया गया। इसी क्रम में ग्राम करंजा भिलाई में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बलराम के छायाचित्र पूजन से हुई। इस अवसर पर उत्कृष्ट कृषक, गौपालक एवं पशुपालकों को श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कृषि विभाग से नीलिमा राजपूत, उद्यानिकी से भानुप्रिया ठाकुर, पशुधन विकास विभाग से शिव प्रसाद पाल सहित अन्य अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं और लाभकारी जानकारियां किसानों को दी। भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष डॉ. विशाल चंद्राकर ने जैविक खेती को बढ़ावा देने और जहर मुक्त अनाज उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सहकार्यवाह दिलेश्वर उमरे ने किसानों से संगठित होकर कार्य करने और कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, सामाजिक समरसता, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य जैसे पांच बिंदुओं पर समाज में परिवर्तन लाने की अपील की। अंत में किसान संघ जिला अध्यक्ष लोकेंद्र बंछोर ने सभी किसानों से संगठन से जुड़कर एक दिशा में कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की और आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच गंगीया बाई रावटे, भारतीय किसान संघ प्रदेश उपाध्यक्ष टेकेंद्र चंद्राकर, जिला मंत्री केदारनाथ चंद्राकर, कोषाध्यक्ष नंदकुमार मढ़रिया, सह मंत्री किशोर साहू, युवा प्रमुख मुकेश हरमुख, तहसील मंत्री सुरेंद्र बंछोर, उपाध्यक्ष उदय राम वर्मा, करंजा भिलाई ग्राम समिति के अध्यक्ष नेमीचंद देशमुख, मंत्री भुवनेश्वर वर्मा, खुमान साहू, तोरण लाल वर्मा साधु पटेल, प्रेमलाल नायक, विनायक ताम्रकार, बिसरु राम देशमुख, निरंजन, लक्की बंछोर, भोजराम उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

### दीपक नगर स्कूल में लगाई गई कला और विज्ञान से जुड़ी प्रदर्शनी



**दुर्ग।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल दीपक नगर में शनिवार को शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से शिक्षकों के लिए नृत्य, गायन, भाषण जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इतना ही नहीं कला और विज्ञान से जुड़ी प्रदर्शनी भी लगाई गई। महान शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के बताए पथ पर चलने का संदेश सभी शिक्षकों को दिया गया। कार्यक्रम में दीपक नगर स्कूल के अध्यक्ष अनूप गटागट, पूर्व पार्षद विजय जलकरे, शिक्षा विभाग के एडीपीओ जे मनोहरण उपस्थित थे। हायर सेकंडरी के छात्रों ने बिजनेस, कला तथा विज्ञान की प्रदर्शनी भी लगाई, जिसे सभी आगंतुकों ने बहुत सराहा। अनूप गटागट ने प्राचार्य तथा सभी शिक्षकों का सम्मान पुष्प तथा उपहार देकर किया। भविष्य में शाला को सुचारू रूप से चलने के लिए किसी प्रकार की जरूरत होने पर पूर्ण करने का आश्वासन दिया। सभी शिक्षकों को, बच्चों का संपूर्ण विकास करने का संकल्प लेने हेतु प्रेरित किया।

● शनिवार को भिलाई-दुर्ग सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गणेश प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन

# सालभर बाद लौटने के वायदे के साथ विदा हुए विघ्नविनाशक गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ.. के लगे जयकारे



**बच्चों से लेकर बड़ों के प्यारे और आराध्य देव की उपासना का पर्व 27 अगस्त से शुरू हुए गणेश पक्ष का शनिवार को हवन-पूजन और प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ समापन हो गया। देर रात तक गणेशोत्सव समितियों द्वारा आकर्षक झांकियों के बीच गाजे-बाजे के बीच भगवान गणेश को अगले बरस तू जल्दी आ... के वायदे के साथ विदा किया। खास बात यह रही कि इस बार डीजे में भक्ति भजन ही सुनाई दिये और बच्चों से लेकर बड़े भी भगवान के गीतों की धुन पर थिरकते नजर आये। रविवार से पितर पक्ष की भी शुरुआत हो जायेगी। अब 21 सितंबर तक कोई शुभ कार्य नहीं होंगे। अपने पितरों को स्मरण करते हुए तर्पण और उन्हें पानी दिया जाएगा। इसके बाद नवरात्र होगा।**

**भिलाई।** दुर्ग-भिलाई में अलग-अलग जगहों से बच्चों ने नम आंखों से अपने बाप्पा को विदाई दी। पूरे दिन गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर शोभायात्रा निकलती रही। छोटे-बड़े गणेश पंडालों ने गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया। शाम के समय टाउनशिप की गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू हुआ। गाजे-बाजे, आकर्षक लाइटिंग, झांकियों और धुमाल पार्टी की मौजूदगी में भगवान गणेश अपने धाम को रवाना हो गए। सेंट्रल एवेन्यू रोड पर शाम से ही दर्शानार्थियों का सैलाब उमड़ा।

### बाजे-गाजे के साथ श्रद्धालु पहुंचें विसर्जन स्थल माहौल भक्तिमय



गणेश चतुर्थी के दिन से विधि-विधान से सिद्धि विनायक गणेश भगवान की स्थापना की गई थी। वैसे तो गणेश उत्सव अनंत चतुर्दशी तक चलता है और इसी दिन विसर्जन का भी विधान है, पर आजकल लोग इसे तीन पांच साल या दिन के लिए स्थापित कर विसर्जन कर देते हैं। कई लोग भीड़ से बचने चर्तुदशी से पहले ही विसर्जन कर लेते है।

### गणपति बप्पा मोरया... शिवनाथ नदी और तालाबों में विसर्जन



ट्विनसिटी में में गणेश विसर्जन का सिलसिला बुधवार से आरंभ हो गया है। लोग अपने घर एवं पण्डाल में विराजित विघ्न विनाशक की प्रतिमा को बाजे-गाजे व गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ.. की कामना के साथ विसर्जन करने लगे हैं। सेक्टर-10, सेक्टर-7 और सेक्टर-9 चौक पर सबसे ज्यादा भीड़ देखी गई। दुर्ग में शिवनाथ नदी तट पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इसके अलावा नया तालाब, लुचकी तालाब, कैलाशनगर तालाब, रायपुर नाका तालाब में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। भगवान गणेश के भक्तों ने पूरे विधि-विधान से गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया। इस दौरान छोटे बच्चों की आंखें नम नजर आईं। भगवान गणेश को विदा करते हुए उनकी आंखें भर आईं। शासन के निर्देश पर इस पर डीजे पर फिल्मी गानों पर प्रतिबंध लगा दिया गया था जिसमें केवल भक्ति भाव के भजन चलाने पर मंजूरी दी गई थी। जिसे सभी डीजे संचालकों ने पालन भी किया। वहीं ढोल-नगाड़ों और बैंड पार्टी की बुकिंग होने से उनके चेहर खिल गए। इधर प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस की टीम ने भी पूरे समय निगरानी रखी। गणेश समितियों को हिदायत भी दी गई।

### शुक्ल पूर्णिमा तिथि की समाप्ति के साथ पितृ पक्ष की शुरुआत

भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि से पितृ पक्ष का प्रारंभ हो रहा है। इस वर्ष पितृ पक्ष 7 सितंबर को भाद्रपद पूर्णिमा से शुरू होगा। जो 21 सितंबर को सर्व पितृ अमावस्या के दिन समाप्त होगा। इस अवधि के दौरान पितरों के लिए तर्पण, श्राद्ध और पिंडदान जैसे धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं। पुराणों में कहा गया है कि पितर गंध और स्वाद के तत्वों से प्रसन्न होते हैं। शांति और तृप्ति के लिए जातक जलते हुए उपले (गाय के गोबर से बने कंडे) में गुड़, घी और अन्न अर्पित करते हैं, जिससे विशेष गंध उत्पन्न होती है। यह गंध पितरों के लिए भोजन के रूप में मानी जाती है। इस दिन गाय को चारा और कौवे को भी भोजन कराने की परंपरा है।

### अनंत रक्षा सूत्र बांधना होता है शुभ

पंडितों ने बताया कि मनुष्य के शरीर में 14 प्रमुख ग्रंथिया है। प्रत्येक ग्रंथि का एक विशिष्ट देवता होते है। इन तिथियों के प्रतीक स्वरूप 14 गांठ वाले रक्षा सूत्र को मंत्रों से पूजा की जाती है। 14 गाठों पर इन देवताओं का आह्वान किया जाता है। पूजा समाप्ति के बाद पुरुषों का दाहिने और महिलाओं का बाएं हाथ में 14 गांठ वाला अनंत रक्षा सूत्र बांधना शुभ होता है।

**पितृ पक्ष शुरू होने के पहले गणेश विसर्जन करने की गई अपील**

अनंत चतुर्थी के दिन ही गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन की अपील सभी जन प्रतिनिधियों ने थी। उन्होंने कहा कि 7 सितंबर से पितृ पक्ष और चंद्र ग्रहण प्रारंभ हो जाएगा। इसलिए 6 सितंबर को ही गणेश प्रतिमाएं विसर्जित कर ली जाएं। उन्होंने इसे लेकर सभी गणेश पंडाल समितियों से अपील की थी। इसका असर शनिवार को देखने को मिला। अधिकांश जगहों पर प्रतिमाएं देर रात तक विसर्जित होते रहीं।

### पूजा करने पर होती है मनोकामना पूरी

माना जाता है कि अनंत चतुर्दशी तिथि के दिल सच्चे मन से पालनहार अगवान विष्णु और मा लक्ष्मी की पूजा करने पर मनोकामनाएं पूरी होती है। अनंत चतुर्दशी का व्रत भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि के दिन रखा जाता है। इसे अनंत चौदस भी कहा जाता है। भगवान विष्णु और माता पार्वती की पूजा अर्चना करने के लिए यह तिथि विशेष फलदायी होती है।

### विधि-विधान से की गई पूजा अर्चना



श्रीश्री श्रीनिवास गणेश समिति द्वारा महा आरती की गई। इस दौरान पूर्व पार्षद जी राजू , तेजा राव, समिति के अध्यक्ष एस.संतोष राव, शंकर राव, के संतोष, प्रिंस, निखिल, बी श्रीनू, लोकेश, प्रवीण उपस्थित थे। सभी की उपस्थिति में पालकी यात्रा की शुरू की गई। जो कैंप 1 अंबेडकर नगर से निकलकर राम मंदिर, हनुमान मंदिर और मोहल्ले के सुभाष चौक से भ्रमण करते हुए मां मंकिन्मा मंदिर में समाप्त हुई। इस अवसर पर काफी संख्या में आसपास के लोग उपस्थित थे।

### घरों में विराजे गए विघ्नहर्ता... गाजे-बाजे के साथ विसर्जन के लिए पहुंचे



भिलाई। सतयुग जागरण फाउंडेशन सेक्टर 4 भिलाई।



दुर्ग। साइंस कॉलेज दुर्ग में हुआ हवन पूजन।



### भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन ....



छग स्थापना के रजत जयंती समारोह पर साइंस कॉलेज में 12 सितंबर तक आयोजन

कॉर्नर न्यूज

# छत्तीसगढ़ में 25 सालों के उतार-चढ़ाव पर क्विज, पहले स्थान पर रहा विवेकानंद हाउस, दूसरे पर सुभाषचंद्र बोस

**दुर्ग। छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के रजत जयंती वर्ष समारोह का आयोजन साइंस कॉलेज में किया गया। 12 सितम्बर तक आयोजित इस कार्यक्रम का शनिवार को कॉलेज कैम्पस में शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ का रजत जयंती वर्ष को उल्लासपूर्वक मनाना हम सभी के लिये गर्व का विषय है।**



### क्वीज प्रतियोगिता में सवालों के दिए जवाब

छत्तीसगढ़ ने अपने 25 वर्षों की यात्रा में अनेक उतार चढ़ाव देखें हैं। हमें छत्तीसगढ़ के विकास में हर संभव योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. एके खान तथा सह-संयोजक डॉ. अम्बरीश त्रिपाठी ने बताया कि आज प्रथम दिन आयोजित क्विज प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विवेकानंद हाउस प्रथम स्थान पर रहा, जिसमें देवेश, प्रखर स्वर्णकार, यशकुमार तथा कैलाश बंजारे शामिल थे। द्वितीय स्थान पर सुभाषचंद्र बोस हाउस की टीम रही। इसमें प्रियांशु यादव, कशिश वर्मा, रामसिंह साहू तथा हीना साहू शामिल थे। तृतीय स्थान पर चंद्रशेखर आजाद हाउस तथा शहीद भगत सिंह हाउस रहें। इनके सदस्यों ने ऋशु गीर गोस्वामी, भावेश कुमार, प्रेम तथा जागृति साहू एवं रिध्दी यादव, सृष्टि, कुणाल वर्मा, मनीष कुमार शामिल थे। इस क्विज प्रतियोगिता का सफल संचालन डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी ने किया। इस क्विज प्रतियोगिता का विषय छत्तीसगढ़ के स्वर्णिम 25 वर्ष था। अन्य आयोजकों में डॉ. सुनीता मैथ्यू, डॉ. संजू सिन्हा, डॉ. लतिका ताम्रकार, डॉ. अभिषेक मिश्रा, डॉ. तरूण साहू, डॉ. प्रशांत दुबे, डॉ. लाली शर्मा, डॉ. शोभा रानी तथा डॉ. निखिल देशलहरे शामिल थे।

### भाषण स्पर्धा में 25 से ज्यादा प्रतिभागियों ने लिया भाग



महाविद्यालय के रवीन्द्रनाथ टैगोर सभागार में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में लगभग 25 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया तथा प्रतियोगिता का संचालन डॉ. के. पद्मावती, डॉ. अम्बरीश त्रिपाठी हाउस प्रभारी डॉ. राकेश तिवारी, डॉ. जनेन्द्र दीवान, डॉ. लता गोस्वामी, डॉ. शारदा सिंह, डॉ. रमणी चन्द्राकर, डॉ. जिज्ञासा पाण्डेय, डॉ. भारती ने किया। भाषण प्रतियोगिता के सम्मानीय निर्णायक डॉ. मर्सी जॉर्ज एवं डॉ. दिव्या कुमुदिनी मिंज थी। इस प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा रश्मि साहू प्रथम तथा दिनेश्वरी चन्द्राकर द्वितीय रही। एमएससी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा साक्षी बांगरे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### आगामी दिनों में जारी रहेगी प्रतियोगिताएं

क्विज प्रतियोगिता में कुल 121 विद्यार्थियों ने प्रथम चरण में हिस्सा लिया, जिनमें से पृथक-पृथक हाउस से 4-4 विद्यार्थियों का चयन कर कुल 16 विद्यार्थियों ने फायनल राउण्ड में हिस्सा लिया। भाषण प्रतियोगिता का संचालन डॉ. ओम कुमारी देवांगन तथा डॉ. जिज्ञासा पाण्डेन ने किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. प्राची सिंह, डॉ. तरूण कुमार साहू, डॉ. अनुराग मिश्रा उपस्थित थे। कार्यक्रमों के संयोजक डॉ. ए.के. खान एवं डॉ. अम्बरीश त्रिपाठी ने बताया कि 10 एवं 11 सितम्बर को रजत जयंती पुस्तक मेले का आयोजन होगा वहीं 10 सितम्बर को राधा कृष्णन सभागार में दोपहर 12.00 बजे से छत्तीसगढ़ 2050 विषय पर डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव का तथा छत्तीसगढ़ 2047 विषय पर डॉ. कुसुमांजलि देशमुख का आमंत्रित व्याख्यान होगा।

## सिटी इवेंट

### लोक कला की झांकियां और बेहतरीन गीतों की दी प्रस्तुति



**भिलाई।** गणेश उत्सव के अवसर पर ग्राम अहिवारा के क्रांति चौक में गणेश का उत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन में लोक धारा लोक कला समिति ग्राम कड़रका अध्यक्ष राजेंद्र साहू द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। जिसमें गणेश वंदना, लोक कला की झांकियां और बेहतरीन गीतों से सजी लोकधारा ने अपनी रंगारंग प्रस्तुति दी। मुंबई के पद्मश्री कैलाश खेर से गायन सीखे राजेंद्र साहू, गंगा प्रसाद साहू, रीटा और निधि ने बेहतरीन सुरों के साथ शानदार प्रस्तुति दी। इस दौरान राउत नाचा, गौरा गौरी, जावंरा झांकी, भरथरी और वासुदेव गीतों पर मर्यादित और संस्कारित कला का प्रदर्शन नृत्यांगनाओं ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, अशोक बाफना, सतीश साहू, अनुज और डॉ लीलाधर महंत सहित अन्य सामाजिक जन उपस्थित थे। मंच संचालन महेश वर्मा ने किया।

## इवेंट लाइव

### एसएसबी महानिदेशक ने शाखाओं का निरीक्षण कर किया पौधरोपण



**भिलाई।** एसएसबी के महानिदेशक संजय सिंघल ने क्षेत्रक मुख्यालय भिलाई का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने शाखाओं का निरीक्षण किया करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने पौधरोपण किया। सैनिक सम्मेलन के माध्यम से क्षेत्रक मुख्यालय के सदस्यों को संबोधित करते हुए उनसे बातचीत की। अपने संबोधन में उन्होंने सभी बल सदस्यों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने, अपने कर्तव्यों का पालन पूरी निष्ठा से करने और मन लगाकर अपने दायित्वों को नैतिकता के साथ करने, हमेशा दूसरों की सहायता करने और बल की गरिमा व छवि को बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विभाग का स्तर बढ़ाना हम सबका साझा लक्ष्य होना चाहिए। इस अवसर पर एसएसबी के अन्य अधिकारी और जवान उपस्थित थे।



## समाज इवेंट

### धार्मिक व नैतिक ज्ञान के साथ संस्कारों के बीजारोपण पर नाटक



**भिलाई।** भिलाई। दशलक्षण पर्व के नौवें दिन उत्तम आकिंचन्य पर्व पर पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर नेहरू नगर में शांतिधारा और अभिषेक किया गया। रात में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान बच्चों में धार्मिक व नैतिक ज्ञान के साथ संस्कारों के बीजारोपण करने नाट्य की प्रस्तुति दी गई।

शांतिधारा का अवसर अलका संजय, शिल्पा अनिल, सुरभि, आकाश, विपिन, अनुष्का, श्रव्या, शिवांश जैन परिवार और निधी सौरभ, प्रभा राज, संस्कृति, दिव्यांशी जैन परिवार को प्राप्त हुआ।

■ परपदार्थों से मोह त्याग कर आत्मध्यान से ही सुख मिलेगा: आर्यिका अक्षयमती

आर्यिका अक्षयमती ने बताया कि उत्तम आकिंचन्य धर्म हमें सिखाता हैं कि आत्म गुणों के सिवाय जगत में अपनी अन्य कोई भी वस्तु नहीं है इस दृष्टि से आत्मा अकिंचन है। जीव संसार में मोहवश जगत के सब जड़ चेतन पदार्थों को अपनाता है, मकान, दुकान, सोना, चाँदी, गाय, वस्त्र, बर्तन आदि वस्तुओं से प्रेम जोड़ता है। लेकिन यह सब जड़ है, अस्थाई है। इनमें मोह रखकर, परिग्रह बढ़ाने से हम दुख ही प्राप्त करते है। इसलिए दूसरे पदार्थों से ममता हटाकर आत्मध्यान करना बहुत आवश्यक है, तभी हम अपना भवबंधन कम कर पाएंगे। रात की आरती के बाद रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन युवा संघ द्वारा किया गया। जिसमें सुनीता दोषी, आलोक, वैशाली विजेता रही। युवा संघ द्वारा प्रेरणादायक नाटक देर न हो जाए बच्चों के धार्मिक ज्ञान बढ़ाने व कौशल विकास के उद्देश्य से लोगों में जागरूकता लाने के लिए के लिए प्रस्तुत की गई। जिसमें गौरव धर्मप्रचारक, ऋचा मां, अनेकान्त पंडित, सचिन अधिकारी, अंकित व रुपेश और सूत्रधार के रूप में क्षितिज के किरदार को सभी ने खूब सराहा। इस नाटक के लोगों ने यह माना कि धार्मिक व नैतिक ज्ञान के साथ संस्कारों के बीजारोपण से बच्चों को हर क्षेत्र में सफलता मिलती हैं।

● छत्तीसगढ़ के प्रयागराज राजिम में हर साल तर्पण करने जुटते हैं हजारों श्रद्धालु

# पितृपक्ष में बढ़ा राजिम का महत्व, त्रिवेणी संगम पर उमड़ेंगे श्रद्धालु, तर्पण से मिलेगी आत्मिक शांति

**भिलाई। संगीता मिश्रा**

आज से पितृ पक्ष की शुरुआत हो जाएगी। इस दौरान पूरे 16 दिन लोग अपने पूर्वजों को जल से तर्पण करेंगे। वहीं लोग राजिम में जाकर पितृ मोक्ष की पूजा करायेगे। स्थानीय पुजारियों का कहना है कि पितृ पक्ष में राजिम कुंभ के समान दिखाई देने लगता है। वहीं आचार्य संदीप तिवारी ने बताया कि पितृ पक्ष में तर्पण किसी भी प्रदेश के प्रतिष्ठित नदी के किनारे करने की मान्यता है। छत्तीसगढ़ के राजिम को छत्तीसगढ़ का प्रयागराज कहा जाता है। महानदी, पैरी और सोंढूर नदियों के त्रिवेणी संगम पर बसे इस तीर्थनगरी का महत्व पितृपक्ष में और भी बढ़ जाता है। श्रद्धालु यहां आकर अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण और पिंडदान करते हैं। पितृपक्ष के दौरान छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु राजिम पहुंचते हैं। मान्यता है कि जैसे इलाहाबाद प्रयागराज के संगम पर तर्पण और श्राद्ध करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है, वैसे ही राजिम संगम पर भी तर्पण करने से पितरों की आत्मा तृप्त होती है।



### क्यों कहते हैं राजिम को छत्तीसगढ़ का प्रयागराज

पंडितों के अनुसार, राजिम के संगम में स्नान और तर्पण से पितरों को शांति मिलती है और परिवार पर उनका आशीर्वाद बना रहता है। यही कारण है कि पितृपक्ष के दौरान यहां विशेष रुप से श्रद्धालु जुटते है। स्थानीय पुरोहित योगीराज शर्मा बताते हैं कि पितृपक्ष के हर दिन लोग यहां स्नान कर तिलांजलि, पिंडदान और श्राद्ध कर्म करते हैं। इस दौरान राजिम में धार्मिक माहौल गूंजने लगता है और श्रद्धालुओं की भीड़ से संगम तट पर विशेष रौनक देखने को मिलती है।



### राजिम में होती है पितृ तर्पण और बलि पूजा



आचार्य संदीप तिवारी ने बताया कि पितृपक्ष में संगम स्नान और तर्पण का विशेष महत्व है। यहां जो श्रद्धा से अपने पितरों का श्राद्ध करते हैं, उन्हें जीवन में सुख-समृद्धि और पितरों का आशीर्वाद मिलता है। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रदेश में जहां कोई भी बड़ी या प्रतिष्ठित नदी हो उसके किनारें तर्पण करना चाहिए। छग के राजिम में तीन नदियों का संगम होता है इसलिए भी यहां काफी संख्या में लोग पितृ तर्पण, बलि पूजा और पितृ मोक्ष के लिए जाते है। जो समय और आर्थिक आभाव के कारण प्रयागराज नही जा पाते वे लोग राजिम में पिंड दान कर पितृ को मोक्ष प्रदान करते है। क्योंकि संगम स्नान और तर्पण से परिवार पर पितरों का आर्शिवाद बना रहता है। श्रद्धालु सरोजिनी साहू ने बताया कि हम हर साल पितृपक्ष में राजिम आते हैं। संगम पर तर्पण करने से आत्मिक संतोष मिलता है और लगता है कि पितरों तक हमारी श्रद्धा पहुंच रही है।

### पौराणिक ग्रंथों में राजिम संगम का उल्लेख

मान्यता है कि राजिम में महानदी, पैरी और सोंढूर नदियों का संगम होने या किसी विशेष स्थान पर भी त्रिवेणी संगम में स्नान और तर्पण करने से पितरों की आत्मा को शांति मिलती है। पौराणिक ग्रंथों में राजिम संगम का उल्लेख तीर्थ स्थल के रूप में मिलता है।प्रयागराज की तरह यहां भी संगम स्नान और धार्मिक अनुष्ठानों की परंपरा प्रचलित है।

**गायत्री शक्तिपीठ केम्प-2 भिलाई में सामूहिक श्राद्ध तर्पण संस्कार 7 से 21 सितम्बर तक .**

भिलाई। गायत्री परिवार ने निःशुल्क सामूहिक श्राद्ध तर्पण का आयोजन होता है। जिसमें आस-पास के सैकड़ों श्रद्धालु अपने पितरों को जलांजलि अर्पित करते है। इसी कड़ी में शारदा पारा केम्प-2 भिलाई स्थित गायत्री मंदिर में 7 से 21 सितम्बर तक पितृपक्ष के अवसर पर निःशुल्क सामूहिक श्राद्ध तर्पण एवं पिंडदान का आयोजन किया गया है। केम्प-2 पॉवर हाउस भिलाई का गायत्री शक्तिपीठ शहर के मध्य स्थित एक महत्वपूर्ण आस्था के केन्द्र के रूप में जाना जाता है। यहां पितृपक्ष में आत्माओं की शांति के लिए श्राद्ध तर्पण और पिंडदान सहित अन्य संस्कार सम्पन्न किया जाता है। संस्थान के प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी समय लाल साहू, ट्रस्टी बी.पी.सिंह, सांता साहू के अनुसार केम्प-2 गायत्री मंदिर में श्राद्ध तर्पण प्रतिदिन सुबह 8 बजे 9 बजे तक होगा। तर्पण पूरी तरह निःशुल्क होगा, सभी सामग्री मंदिर की ओर से उपलब्ध होगी। गायत्री परिवार कार्यकर्ता मोहन उमरे ने बताया कि केम्प-2 गायत्री मंदिर के अलावा गायत्री मंदिर हुडको, शिव गायत्री मंदिर रिसाली सेक्टर, गायत्री साधना केन्द्र रिसाली बस्ती में भी श्राद्ध तर्पण होंगे।

## दसलक्षण पर्व...

# सुख-समृद्धि की कामना को लेकर भगवान जिनेंद्र की नगर भ्रमण को निकली शोभायात्रा

**भिलाई।** त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में जिनेंद्र भगवान की भव्य शोभायात्रा अनंत चौदस उत्तम ब्रह्मचर्य दिवस पर नगर भ्रमण के लिए निकाली गई। 10 लक्षण महापर्व के धार्मिक अवसर पर हजारों भक्तों की उपस्थिति में वासु पूज्य भगवान के निर्वाण कल्याणक दिवस पर भक्तों ने भगवन अजीत नाथ, सुमति नाथ, पार्श्वनाथ का मंगल अभिषेक किया। वासु पूज्य भगवान के मोक्ष कल्याणक पर शांति धारा का सौभाग्य प्रदीप, प्रमोद, अरुण, अक्षत, साधना, सुनीता जैन, संजीव कासलीवाल ने प्राप्त किया। शांति धारा करने वालों में पप्पू छाबड़ा, आनंद राज, भारती, अशोक निगोटिया, संदेश, प्रशांत जैन, संजीव जैन, डॉ. जिनेंद्र जैन, प्रवीण छाबड़ा आदि मौजूद थे।



**त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर-6 से शुरू होकर शहर के अलग-अलग मार्गों से होकर गुजरी**

इस अवसर पर जिनेंद्र भगवान के समोसारण में सो धर्म इंद्र बने प्रखर राजेश जैन, प्रदीप, साधना जैन ने मंगल वंदना पूजन करते हुए सभी के सुख समृद्धि की कामना करते हुए विश्व शांति पूजन किया। भक्तों ने वासु पूज्य भगवान की प्रतिमा के समक्ष निर्वाण लाडू अर्पण किया। पंडित ने उत्तम ब्रह्मचर्य दिवस पर कहा कि हम सभी को अपने आचरण में ब्रह्मचर्य धर्म का पालन करते हुए संयम और शांति के साथ अपना जीवन यापन करना चाहिए। दोपहर 3 बजे जिनेंद्र भगवान की भव्य शोभायात्रा त्रिवेणी जैन तीर्थ से निकली। प्रतिमा के साथ रथ पर इंद्र सवार थे। शोभायात्रा त्रिवेणी जैन तीर्थ से अग्रसेन भवन के सामने से सेंट्रल एवेन्यू पेट्रोल पंप के पास से ग्लोब चौक होते हुए गायत्री मंदिर से जैन भवन सेक्टर 6 में गाजे-बाजे के साथ प्रवेश किया। शोभायात्रा में चमकीले तीन रथ के साथ बैंड बाजा घोड़ी में हजारों भक्त अहिंसा परमो धर्म की जयकारा के साथ भक्ति नृत्य करते नजर आए।



सभी ने जैन ध्वज लेकर अहिंसा परमो धर्म की जयकारा लगाया। णमोकार मंत्र का उच्चारण किया। इस अवसर पर एस जैन इंद्र, सारथी प्रशांत जैन, धनपति कुबेर राजेश जैन, साकेत जैन, विपिन जैन, नंदलाल थे। इस अवसर पर धर्म सभा का भी आयोजन किया गया। समाज के प्रदीप जैन ने बताया कि उत्तम ब्रह्मचर्य दिवस पर संध्या 48 दीपक के साथ त्रिवेणी जैन तीर्थ मंदिर में सब परिवार भक्तों ने मंगल दीपक के साथ आरती की।

### स्कूल के शिक्षक हुए सम्मानित



**भिलाई।** वार्ड 37 में स्थित भिलाई पब्लिक स्कूल केम्प-2 में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस दौरान वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की सोच सभी शिक्षकों का सम्मान शिक्षक दिवस में उनकी सोच को आगे बढ़ते सम्मानित किया गया। भिलाई पब्लिक स्कूल में शिक्षकों का सम्मान कर मेडल एवं गिफ्ट भी दिए गए। कार्यक्रम में भाजपा नेता त्रिलोचन सिंह, मुन्ना आर्य , चिन्ना राव, सुरज सोनकर, शेख शमीम,स्कूल संचालन समिति के सभी सदस्य प्रधानाचार्य, टीचर, स्कूल के बच्चे मोजूद थे। त्रिलोचन सिंह ने कहा कि गवर्नमेंट स्कूल हो या प्राइवेट स्कूल सभी शिक्षकों का सम्मान होना चाहिए।

### सोलह कारण तप की अनुमोदना



**दुर्ग।** दस दिवसीय महापर्व दस लक्षण पर्व जारी है। नगर की बेटी गौरव माता दुर्लभमति माता ससंघ प पहुंच चुकी हैं। इस अवसर पर त्याग धर्म दिवस में त्यागी वृती, तपस्या धारी राकेश पाटोदी, सरिता छाबड़ा पिछले 14 दिनों से उपवास कर रहे हैं। वे केवल गर्मपानी का सेवन कर रहे हैं। उनका यह उपवास 16 दिनों का है। संजय बोहरा ने बताया प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

## गणपति विहार में काव्य गोष्ठी : मानवता, प्रेम और सामाजिक सरोकारों को दी आवाज़

# श्रृंगार और ओज रस की कविताओं से मानवता और सामाजिक सरोकार का दिया संदेश, बालिका सुरक्षा व मतभेद छोड़ने के लिए किया जागरूक

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। गणेश पर्व पर जगह जगह सांस्कृतिक आयोजन किये जा रहे है। सभी मोहल्लों, कालोनियों और क्लब में बच्चों से लेकर बड़ो के लिए मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित हो रहे है। इसी कड़ी में गणपति विहार में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया था। जिसमें क्षेत्र के कवियों ने ओज रस और श्रृंगार रस से भरी कविताएं पढ़ी। अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज को संवेदनशील और मतभेदों को छोड़ने का गहन संदेश दिया। साथ ही बालिका सुरक्षा और सोशल मीडिया के दौर में आई दूरी पर अपनी पंक्तियां प्रस्तुत की। जिसे काफी सराहना मिली। कविता पाठ की शुरुआत प्रेम सिंह काव्या ने की। उन्होंने अपनी पंक्तियों मानव से मानव को मुक्त मिलन चाहिए, नफरत इंसान से श्वानों से प्यार है के माध्यम से मानवता का आह्वान किया।



### उत्तराखंड त्रासदी के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

वर्तमान समय की सबसे बड़ी चिंता बालिकाओं की सुरक्षा पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए वेणु कुरेशिया ने कहा कि माताएं सहमी हुई और पिता भी भयभीत हैं, अपनी लाडली की सुरक्षा के लिए हर अभिभावक चिंतित हैं पर काव्य पाठ किया। डॉ. अल्पना त्रिपाठी ने रिश्तों की विडंबना और सोशल मीडिया के दौर में आई दूरी पर अपनी पंक्तियाँ प्रस्तुत किया। हेमलाल कुरेशिया ने अपनी रचना इंजीनियर कवि में तकनीकी ज्ञान और संवेदनाओं के संगम को रेखांकित किया। सुनीता परगनिहा ने उत्तराखंड त्रासदी के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कविता सुनाई।

### प्रेम की महत्ता को किया रेखांकित



कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अजय आर्य ने कहा तेरा चिराग अलग है मेरा चिराग अलग है उजाला तो फिर भी जुदा नहीं होता। उन्होंने मतभेदों को छोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने अपनी प्रेम श्रृंगार रस की कविता मुझको भी जीने की वजह दे दे और तेरी यादों की चादर ओढ़ कर सो रहा हूं सुनाया, जिसे श्रोताओं ने पसंद किया। पंडित राजेन्द्र शर्मा ने परिवार और प्रेम की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रेम और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मानव समाज को परमात्मा का सर्वोच्च वरदान है, परिवार में पति–पत्नी का प्रेम ही धरती को स्वर्ग बनाता है। इस दौरान सीता देवी गुप्ता, धीरेंद्र सिंह, के.डी. वैष्णव और मन्नूलाल ने भी अपनी कविताओं में सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों पर गहन अभिव्यक्तियां दी। सभी कवियों की रचनाओं को श्रोताओं ने सराहा और भावविभोर होकर तालियों से अभिनंदन किया।

### कवियों को किया सम्मानित

आयोजन मंडल में महेश शर्मा, प्रमोद सिन्हा, धर्मेंद्र सिंह, प्रवीण पटेल, निशिकांत परगनिहा, डॉ. छावड़ा, दीपा माखीजानी, पतिराम साहू, रेखा बोहरे और भूषण देवांगन ने सभी कवियों का सम्मान किया।कार्यक्रम के समापन पर आभार व्यक्त अम्बरीश त्रिपाठी ने किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अंडर-19 अंतर जिला क्रिकेट में भाग लेगी बीसीए की टीम



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित की जाने वाली अंडर-19 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) की टीम भी भाग लेगी। बीसीए की टीम के गठन हेतु एक चयन स्पर्धा का आयोजन विगत 31 अगस्त रविवार को कल्याण कॉलेज के इनडोर पिच में किया गया। चयन स्पर्धा में कुल 92 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें से 42 खिलाड़ियों का चयन उनके बल्लेबाजी एवं गेंदबाजी के प्रदर्शन के आधार पर किया गया। इन 42 खिलाड़ियों का एक शिविर 8 सितंबर से आयोजित किया जाएगा। इस शिविर के पश्चात तीन टीमों का गठन किया जाएगा एवं आपस में इन टीमों के मध्य मैच कराए जाएंगे। इन मैचो में प्रदर्शन के आधार पर श्रेष्ठ 20 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। जो कि बीसीए टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह जानकारी बीसीए के सचिव भास्कर गोस्वामी ने दी है।

### राष्ट्रीय कैडेट किकबाक्सिंग में छत्तीसगढ़ ने जीते 11 स्वर्ण



**रायपुर।** वाको इंडिया किकबाक्सिंग फेडरेशन के मार्गदर्शन में तमिलनाडु एसोसियेशन के तत्वाधान में नेहरू इनडोर स्टेडियम चेन्नई तमिलनाडु में 27 से 31 अगस्त तक चिल्ड्रन एवं कैडेट (बालक बालिका) वर्ग की राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों से लगभग 1400 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लिए। छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगन मुंदड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया कि प्रतियोगिता में राज्य के 69 सब जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने सभी विधाओं जिनमे पाइंट फाइटिंग, लाइट कांटेक्ट, किक लाइट, फूल कांटेक्ट, लोकिक, केवन , म्यूजिकल फार्म्स एवं क्रिएटिव फार्म्स की प्रतियोगिताओं में विभिन्न वजन वर्गो में भाग लिये। इन्होंने बताया कि राज्य की टीम में रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, सरगुजा, मुंगेली सहित विभिन्न जिलों के खिलाड़ी ऑफिशियल प्रभात साहू, लोकिता चौहान, मनीष बाग, सर्वर एक्का, अमन सोनी, सूरज साहू, वरुण बाग के साथ हिस्सा लिया। राज्य की टीम ने 11 स्वर्ण, 12 रजत एवं 20 कांस्य सहित कुल 43 पदक जीतकर देशभर में चौथा स्थान प्राप्त किया। सीएमए किकबाक्सिंग एकेडमी कोरबा के खिलाड़ियों ने 7 स्वर्ण, 5 रजत एवं 7 कांस्य सहित 19 पदक जीतकर जिले एवं राज्य को गौरवान्वित किया है। इनमें से वृंदा अगरवाल 2 स्वर्ण, खुशाल साहू 2 स्वर्ण, श्रद्धा साहू, प्रद्युम्न गोयल, दिव्या कर्ष ने स्वर्ण पदक जीता। कृति साहू, नाफिया सिद्दीकी, अवन्या तिवारी, नव्या तिवारी ने रजत पदक तथा नाफिया सिद्दीकी, मानसी यादव, हर्षिता यादव, चिराग चौहान,मनसा सिंह एवं श्लोक राज ने कांस्य पदक जीता। काव्या दिनेश, वैदिक पलेरिया,पी साई हर्ष, अप्रतिम पांडेय, डीयान यादव, नमन प्रजापति, श्रेया साहू, नूतन तिवारी, शिवा साहू ने क्वालीफाइंग राउंड्स में अच्छा प्रदर्शन किया।



### राष्ट्रीय फास्ट फाइव नेटबॉल में छत्तीसगढ़ की महिला टीम को कांस्य

**रायपुर।** चौथी सीनियर राष्ट्रीय फास्ट फाइव नेटबॉल चैंपियनशिप 28 से 31 अगस्त तक पलवल हरियाणा में आयोजित की गई। जिसमें छत्तीसगढ़ की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। टीम ने लीग चरण में पंजाब से हार झेलने के बाद जबरदस्त वापसी की और जम्मू-कश्मीर व नागालैंड को हराकर प्री-क्वार्टर में जगह बनाई। प्री-क्वार्टर में असम पर जीत दर्ज की। क्वार्टर फाइनल में महाराष्ट्र को रोमांचक ट्राई ब्रेकर में 1 अंक से मात देकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में हरियाणा से हार का सामना करना पड़ा, मगर तीसरे स्थान के मुकाबले में राजस्थान को हराकर कांस्य पदक हासिल किया। पदक वितरण हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने किया।इस जीत में रायपुर जिले की बेटियाँ सनिया पटेल और यजुषी रॉय ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। दोनों खिला ड़ियों ने क्रमशः जी,डी और सी पोजीशन पर शानदार खेल दिखाकर टीम की डिफेंस को मजबूत किया और पदक जीत में अहम योगदान दिया। नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष मीना केरकेट्टा ने खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ को बधाई दी है।

## भोजन में अधिक फाइबर लेना भी घातक, संतुलित रखें आहार

# कब्ज से निजात पाने फाइबर का भरपूर सेवन कर रहे तो हो जाएं सावधान, और ज्यादा गंभीर हो सकती है समस्या

कहते हैं डाइजेशन सही तो सब सही। क्योंकि खराब डाइजेशन कई बीमारियों की जननी बन जाती है। यही वजह है कि लोग पाचन को दुरुस्त रखने के लिए फायबर युक्त आहार का सेवन करते हैं। फाइबर पेट के लिए अमृत समान है। ये पाचन शक्ति को मजबूत बनाता है। इसके साथ ही ये मेटाबॉलिज्म को दुरुस्त रखता है। शरीर में इसकी कमी हो जाए तो व्यक्ति गंभीर कब्ज की समस्या से परेशान हो जाता है। लेकिन जरूरत से ज्यादा भी फाइबर का सेवन आपको मुसीबत में डाल सकता है। जी हां अगर आप पाचन को दुरुस्त रखने के लिए अंधाधुन फाइबर रिच फूड का सेवन कर रहे है तो इसके नुकसान भी जान लीजिए। पीएसआरआई अस्पताल में मुख्य सलाहकार, सर्जिकल गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट और लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ। मनोज गुप्ता इस बारे में जानकारी दे रहे हैं।

डॉक्टर के मुताबिक पुरुषों को एक दिन में 38 ग्राम और महिलाओं को दिनभर में 25 ग्राम ही फाइबर की जरूरत होती है। अगर आप रोजाना इस मात्रा से अधिक फाइबर का सेवन कर रहे हैं तो आपको कई तरह की परेशानी हो सकती है। आइए जानते हैं अधिक फाइबर खाने से क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं।



### अधिक फाइबर खाने के नुकसान जानिए

ज्यादा फाइबर रिच फूड खाने से आपको लूज मोशन या दस्त की परेशानी हो सकती है। दरअसल फाइबर रिच भोजन गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट से जल्दी पास हो जाता है और ऐसा आपको दस्त की समस्या हो सकती है। कब्ज दूर करने लिए ज्यादा फाइबर खा रहे हैं तो इससे आपके कब्ज की समस्या बढ़ भी सकती है। दरअसल फाइबर आपके शरीर से पानी को सोखने का काम करता है। ऐसे में अगर फायबर युक्त आहार खाने के बाद आप पानी कम पी रहे हैं तो कब्ज की समस्या बढ़ सकती है। आप डिहाइड्रेशन के शिकार भी हो सकते हैं। दरअसल फाइबर को घुलने के लिए पानी की जरूरत होती है। ऐसे में ये शरीर में मौजूद पानी को सोख लेता है। इससे कमजोरी, थकान (थकान के कारण), चक्कर आने की समस्या हो सकती है।

आप पेट दर्द की समस्या से भी दो चार हो सकते हैं। आपको गैस की समस्या हो सकती है। दरअसल फाइबर को पचाने के लिए आंत (क्या होता है आंतों का लीक होना) में मौजूद गुड बैक्टीरिया द्वारा मिथेन गैस का उत्पादन होता है जो पेट में दर्द का कारण बन सकता है। ज्यादा फाइबर के सेवन से पेट में गैस बनने लगती है। इससे छाती के पास दर्द और जलन की समस्या हो सकती है।

भोजन में बहुत अधिक फाइबर लेने से पेट में गैस, सूजन, कब्ज, दस्त या पेट दर्द जैसी जठरांत्र संबंधी परेशानी हो सकती है, और कुछ दुर्लभ मामलों में आंतों में रुकावट भी आ सकती है। अपने फाइबर का सेवन धीरे-धीरे बढ़ाना, पर्याप्त पानी पीना, और अपने आहार में बदलाव करना इन दुष्प्रभावों को कम करने के तरीके हैं।

बहुत अधिक फाइबर पाचन तंत्र में गैस का उत्पादन कर सकता है, जिससे पेट फूलना और असुविधा हो सकती है। पर्याप्त पानी न पीने पर अधिक फाइबर कब्ज का कारण बन सकता है, क्योंकि यह मल को सघन करता है। दूसरी ओर, कुछ लोगों को अत्यधिक फाइबर के कारण दस्त भी हो सकते हैं। फाइबर की अधिक मात्रा आंतों में जमा हो सकती है और पेट में दर्द या ऐंठन पैदा कर सकती है।

### पोषक तत्वों का कम अवशोषण

फाइबर एक बाइंडिंग एजेंट के रूप में काम कर सकता



है और पोषक तत्वों को अवशोषित होने से पहले ही शरीर से बाहर निकाल सकता है। बहुत दुर्लभ मामलों में, अत्यधिक मात्रा में फाइबर का सेवन आंतों में रुकावट का कारण बन सकता है, जो एक गंभीर स्थिति है।

अपने आहार में अचानक फाइबर की मात्रा बढ़ाने के बजाय, धीरे-धीरे इसे बढ़ाएं ताकि आपके पाचन तंत्र को अनुकूलित होने का समय मिल सके। फाइबर को ठीक से काम करने के लिए पानी की आवश्यकता होती है। अधिक फाइबर का सेवन करते समय तरल पदार्थों का सेवन बढ़ाना ज़रूरी है।






# बार-बार माइग्रेन होता है ट्रिगर, तो बदलें खान-पान

अगर आपको माइग्रेन की शिकायत है और इसलिए आपको बार-बार सिर में दर्द की समस्या का सामना करना पड़ता है तो ऐसे में कुछ फूड कॉम्बिनेशन से आपको आराम मिल सकता है। माइग्रेन यकीनन काफी परेशान कर देने वाला होता है। जब भी माइग्रेन ट्रिगर होता है तो सिर्फ सिरदर्द की समस्या ही नहीं होती है, बल्कि इससे आपकी नींद से लेकर मूड तक सब गड़बड़ा जाता है। माइग्रेन में होने वाला सिरदर्द आम नहीं होता। यह आपको बहुत ज्यादा परेशान कर सकता है। यहां तक कि कई बार तो इसे सहन कर पाना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में हम दवाइयों का सहारा लेते हैं। दवाइयां यकीनन हमें काफी हद तक आराम दिला सकती हैं, लेकिन अगर आप चाहती हैं कि आपको बार-बार माइग्रेन ट्रिगर ही ना हो तो ऐसे में आपको अपने खाने की थाली पर फोकस करना चाहिए।

आपको शायद अंदाजा ना हो, लेकिन आप दिनभर में क्या खाती हैं या फिर अपनी थाली में खाना किस कॉम्बिनेशन में रखती हैं, इसका गहरा असर आपकी सेहत पर पड़ता है। अगर आपका फूड कॉम्बिनेशन सही होता है तो इससे आप माइग्रेन सहित कई हेल्थ प्रोब्लम्स को



आसानी से मैनेज कर सकती हैं। तो चलिए आज इस लेख में सेंट्रल गवर्नमेंट हॉस्पिटल के ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन रितु पुरी आपको कुछ ऐसे ही फूड कॉम्बिनेशन के बारे में बता रही हैं, जिनसे आपको माइग्रेन से काफी आराम मिल सकता है-

### खीरे के साथ लें दही

अगर आप चाहें तो दोपहर में खाने के साथ खीरेका रायता ले सकती हैं। इससे आपको यकीनन फायदा मिलेगा। दरअसल, खीरे में भरपूर मात्रा में पानी होता है, जो बॉडी को हाइड्रेट रखता है। वहीं, दही में मौजूद प्रोबायोटिक्स पेट को शांत रखते हैं। अक्सर यह देखने में आता है कि डिहाइड्रेशन और पाचन की गड़बड़ी माइग्रेन को ट्रिगर कर सकते हैं। लेकिन अगर आप खीरे के साथ दही का सेवन करती हैं तो इससे ना केवल पेट को ठंडक मिलती है, बल्कि यह गैसट्रिक सिरदर्द को भी रोकता है।

### ब्राउन राइस के साथ खाएं दाल व सब्जियां

अगर आपको अक्सर दोपहर के समय सिरदर्द की शिकायत होती है तो ऐसे में आप अपने लंच में ब्राउन राइस के साथ दाल व सब्जियों का सेवन करें। दरअसल, ब्राउन राइस में कॉम्प्लेक्स कार्ब्स होते हैं जो एनर्जी को स्टेबल रखने में मदद करते हैं। वहीं, दूसरी ओर दाल से प्रोटीन और मैग्नीशियम मिलता है। जबकि, सब्जियां एंटी-ऑक्सीडेंट्स देती हैं। इस कॉम्बिनेशन से शरीर को पर्याप्त पोषण मिलता है और दोपहर में होने वाले सिरदर्द से आराम भी। अच्छी डाइट प्लान का फॉलो करना हर तरह की बीमारी से छुटकारा दिलाता है।

### हल्दी दूध के साथ लें खजूर

अगर आपको माइग्रेन की शिकायत है तो ऐसे में आपको रात को सोने से पहले हल्दी दूध के साथ दो खजूर का सेवन करना चाहिए। दरअसल, हल्दी एंटी-इंफ्लेमेटरी है, जबकि दूध में पर्याप्त कैल्शियम और प्रोटीन पाया जाता है।



# गेहूं की जगह लोग इस्तेमाल कर रहे यह खास आटा



अगर आपका पाचन तंत्र दुरुस्त नहीं है तो डाइट में गेहूं की जगह राजगिरा के आटे को इस्तेमाल करना चाहिए। आजकल इसका चलन बढ़ा है। इस बारे में डाइटिशियन राधिका गोयल जानकारी दे रही हैं। राधिका, सर्टिफाइड डाइटिशियन और न्यूट्रिशनिस्ट हैं।

### कब्ज दूर करने के लिए खाएं राजगिरा का आटा

राजगिरा का आटा प्रोटीन से भरपूर होता है। इसे डाइट में शामिल करने से आपको कब्ज से राहत मिल सकती है। इसके अलावा, कोलेस्ट्रॉल लेवल और इंफ्लेमेशन को कम करने में भी यह कारगर है। यह न्यूट्रिएंट्स से भरपूर होता है और इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स भी भरपूर मात्रा में होते हैं। इसमें फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन और फास्फोरस की अच्छी मात्रा होती है। यह मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है और मल को सख्त होने से रोकता है। यह बाउल मूमेंट को सही करता है और पेट आसानी से साफ होता है। अगर आप कुछ दिनों तक लगातार इस आटे की रोटी खाएंगे, या इसे किसी अन्य तरीके से डाइट में शामिल करेंगी, तो अंतर साफ दिखेगा। अगर आपको कमजोरी महसूस होती है, तो ड्राईफ्रूट्स के साथ इस आटे को मिलाकर लड्डू बनाएं।

### क्या होता है राजगिरा का आटा

इसे अमरनाथ, रामदाना या फ्रॉक्सनट भी कहा जाता है। इस अनाज का एक पौधा होता है, जिसे चौलाई भी कहा जाता है। इसकी कलियों में रामदाना के बीज होते हैं। इसमें मौजूद पोषक तत्वों की वजह से इसे सुपरफूड भी कहा जाता है।

### डाइट में कैसे शामिल करें राजगिरा का आटा

राजगिरा के आटे को आप कई तरीकों से डाइट में इस्तेमाल कर सकती हैं। इसकी रोटी, पूरी, पराठा, स्नैक्स और हलवा भी बनाया जा सकता है। इसका चीला, टिक्की और कॉर्न के साथ मिलाकर आप इसकी भाजी भी बना सकती हैं। दूध के साथ मिलाकर, इसका दलिया भी बना सकती हैं।

# इन जगहों पर रखें कपूर का टुकड़ा धन से भरी रहेगी तिजोरी

घर में कई ऐसी वस्तुएं मौजूद होती हैं जो आपके घर के वातावरण को सकारात्मक बनाने के साथ वास्तु दोषों से भी मुक्त करती हैं। इनके सही इस्तेमाल से आपके घर में सदैव समृद्धि बनी रहती है। वास्तु शास्त्र एक ऐसा प्राचीन विज्ञान है जो घर की सुख समृद्धि को बढ़ावा देता है। यह आपके आस-पास के वातावरण में कल्याण और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। ऐसे ही कुछ वास्तु उपायों को घर के लिए कारगर माना जाता है और इनके इस्तेमाल से घर की खुशहाली सदैव बनी रहती है। वास्तु के कुछ विशेष उपायों में से एक है कपूर का उपाय। ये एक ऐसी सामग्री है जो घर के वातावरण को शुद्ध बनाए रखने में मदद करती है।

ऐसा कहा जाता है कि यदि आप घर में नियमित रूप से कपूर जलाते हैं तो आपके घर की नकारात्मक ऊर्जा दूर हो जाती है। कपूर में शुद्धिकरण के गुण मौजूद होते हैं जो जीवन को कई तरह से प्रभावित करते हैं।

वास्तु की मानें तो घर के कुछ विशेष स्थानों पर यदि आप कपूर रखते हैं तो आपके घर की आर्थिक स्थिति भी अच्छी बनी रहती है और घर में धन का प्रवाह बना रहता है।

### पूजा कक्ष में रखें कपूर का टुकड़ा

वास्तु की मानें तो घर के पूजा स्थान पर कपूर रखना सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण माना जाता है। यह स्थान पूरे घर के लिए ऊर्जा का



केंद्र होता है और इस जगह कपूर रखने से ऊर्जा पूरे घर में फैलती है, जिससे घर का वातावरण शुद्ध होता है।

कपूर को किसी भी पूजा-पाठ के लिए एक मुख्य सामग्री के रूप में देखा जाता है और मान्यता है कि यदि आप पूजन के दौरान कपूर जलाते हैं तो घर का वातावरण शुद्ध होता है और परिवार के सभी लोगों को मानसिक शांति मिलती है और ये पुआय जीवन में धन के मार्ग खोलने में मदद करता है।

### सुख-समृद्धि के लिए बेडरूम में रखें कपूर का टुकड़ा

आपके घर का बेडरूम वह स्थान माना जाता है जो शांति और ताजगी से भरपूर होना चाहिए। यदि आप इस स्थान पर कपूर का एक टुकड़ा रखती हैं तो ये मानसिक शांति प्रदान करने में मदद करता है और अच्छी नींद को बढ़ावा देता है।

यही नहीं इसकी खुशबू एक सकारात्मक वातावरण को बढ़ावा देती है जिससे मानसिक शांति मिलती है।

## कार्नर न्यूज

## छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देने से घर में आएगी बरकत

# आपकी कुछ आदतें बढ़ावा देती हैं दरिद्रता को इन्हें त्यागकर घर में ला सकते हैं संपन्नता

हमारे शास्त्रों में व्यक्ति की कुछ ऐसी आदतों के बारे में बताया है, जिनके कारण व्यक्ति धीरे-धीरे दरिद्र हो जाता है। इसलिए इन खराब आदतों का त्याग कर देना चाहिए।

### गंदगी में रहने वाले लोग

शास्त्रों के अनुसार जो लोग गंदे रहते हैं और स्वच्छ वस्त्र धारण नहीं करते हैं या फिर अपने आस-पास गंदगी का वातावरण रखते हैं, ऐसे लोग हमेशा दरिद्रता का जीवन व्यतीत करते हैं। इसलिए इन खराब आदतों का त्याग करना चाहिए।

### कड़वा बोलने वाले लोग

शास्त्र कहते हैं कि जो लोग बहुत कर्कशता के साथ या कड़वा बोलते हैं। उनसे भी मां लक्ष्मी कभी प्रसन्न नहीं होती हैं। इसलिए कड़वा बोलने की आदत को तुरंत ही त्याग देना चाहिए और हमेशा मीठा बोलना चाहिए। कड़वा बोलने के कारण व्यक्ति के संबंध तो खराब होते ही हैं और वह कंगाल भी हो जाता है।

### सूर्यास्त के बाद सोना

शास्त्रों के अनुसार जो लोग संध्या



काल में सूर्यास्त के बाद सोते हैं वे हमेशा दरिद्र रहते हैं। इस समय सोने वालों पर मां लक्ष्मी कभी भी अपनी कृपा नहीं करती हैं। इसलिए भूलकर भी सूर्यास्त के समय नहीं सोना चाहिए।

### आलस्य

शास्त्रों कहते है कि आलस्य एक बुरी आदत है, जो व्यक्ति को कार्यों में सफल नहीं होने देती है। यदि आप जीवन में सफल होना चाहते हैं तो सबसे पहले आलस्य को त्यागें।

### अनुचित व्यय

अनुचित व्यय करना व्यक्ति को गरीब बना सकता है। यदि आप अपने व्यय को आय के अनुरूप संयमित रखेंगे तभी सफल हो पाएंगे। इसलिए व्यय की योजना बनाएं, आवश्यकताओं को पहचानें और संयम से खर्च करें।

### किचन में पड़े जूठे बर्तन

आपको कभी भी किचन में जूठे बर्तनों को बहुत देर तक नहीं रखना चाहिए। कोशिश करें कि खाना खाने के तुरंत बाद इन बर्तनों को धोकर इनकी जगह पर रख दें। कई लोगों की आदत होती है कि वे रात के बर्तनों को सुबह धोते हैं, लेकिन इस आदत से आपके घर में नकारात्मक ऊर्जा आती है, इसलिए आपको किचन में कभी भी जूठे बर्तन नहीं रखने चाहिए। इससे राहु-केतु का अशुभ प्रभाव भी आप पर पड़ता है।

### बेड पर गंदी या फटी चादर होना


आप जिस बिस्तर पर सोते हैं, वहां पर कभी गंदगी न रखें। बेड पर फटी या गंदी चादर होने से नकारात्मक ऊर्जा का असर आपके भाग्य पर पड़ता है। सुबह उठते के साथ बेड को साफ कर दें और चादर को सही करके बिछा दें। बहुत दिनों तक एक ही चादर को बिस्तर पर न बिछाएं। बेड पर बिछी गंदी चादर से आपके घर में दरिद्रता आती है।

### पूजा घर गंदा रखना

रोजाना पूजा करने के बाद पूजा घर या मंदिर की साफ-सफाई जरूर रखें। इससे आपके घर में उन्नति होती है और माता लक्ष्मी की कृपा भी आप पर बनी रहती है। आप अगर रोजाना पूजा नहीं करते, तो भी घर के मंदिर में कभी भी धूल-मिट्टी जमा न होने दें। इससे आपके घर में नकारात्मकता का वास हो जाता है और मानसिक तनाव बना रह सकता है।

### जूतों को इधर-उधर ना फेंके

कई लोगों की आदत होती है कि वे इधर-उधर जूते फेंक देते हैं। जूते फेंकने की यह आदत आपके जीवन में नकारात्मक ऊर्जा ला सकती है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## पति से तलाक लेने के बाद अमेरिकी रैपर से सगाई की राजकुमारी शेखा ने



मोरक्कन-अमेरिकी रैपर फ्रेंच मोंटाना और दुबई की राजकुमारी शेखा महरा इन दिनों सुर्खियों में हैं। दोनों ने हाल ही में अपनी सगाई की पुष्टि की है। यह सगाई पेरिस फैशन वीक के दौरान हुई, जहां फ्रेंच मोंटाना ने अपनी लेडी लव शेखा महरा को अंगूठी पहनाई। खबर सामने आने के बाद दुनियाभर के फैन्स हैरान रह गए, क्योंकि महरा ने कुछ महीने पहले ही अपने पहले पति से तलाक लिया था। चलिए आपको बताते हैं आखिर कौन हैं शेखा महरा?

शेखा महरा दुबई के प्रधानमंत्री और संयुक्त अरब अमीरात के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम की बेटी हैं। महरा की मां जोई ग्रिगोराकॉस ग्रीस से हैं और अब अपने पति से अलग रह रही हैं। महरा का बचपन खासा शाही अंदाज में गुजरा, लेकिन उनकी दिलचस्पी हमेशा पढ़ाई, समाज सेवा और घुड़सवारी में रही। दुबई के एक निजी स्कूल से प्रारंभिक शिक्षा लेने के बाद महरा लंदन चली गईं, जहां उन्होंने इंटरनेशनल रिलेशंस में ग्रेजुएशन किया। महरा अपने पिता की तरह ही घोड़ों और घुड़दौड़ से बेहद लगाव रखती हैं और अक्सर शाही आयोजनों में घोड़ों के साथ नजर आती हैं। शेखा महरा को अमीरात की महिलाओं में एक मजबूत आवाज माना जाता है। वे अक्सर फिलांथ्रॉपी यानी समाजसेवा से जुड़े अभियानों में सक्रिय रहती हैं। बच्चों की शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और पशु कल्याण जैसे मुद्दों पर उन्होंने कई बार अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। इस वजह से वो सोशल मीडिया पर भी काफी लोकप्रिय हैं और उनकी एक बड़ी फैन फॉलोइंग है।

### टॉलीवुड

## दादी के गुजरने के 2 दिन बाद काम पर लौटे अर्जुन, दुख की घड़ी में साथ थे पवन



अल्लु अर्जुन अपनी दादी के अंतिम संस्कार के बाद मुंबई लौट आए हैं। उन्होंने एटली के साथ अपने फिल्म की शूटिंग दोबारा शुरू कर दी है। दूसरी ओर, पवन कल्याण का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह हैदराबाद में अल्लू परिवार से मिलने पहुंचे थे। 'पुष्पा' फेम अल्लू अर्जुन के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूटा है। उनकी दादी अल्लू कनकरत्नम का शुक्रवार को निधन हो गया। दादी को अंतिम विदाई देने के बाद अल्लू अर्जुन वापस अपने काम पर लौट आए हैं। उन्हें मुंबई में स्पॉट किया गया है। इस बीच सोशल मीडिया पर अल्लू अर्जुन और आंध्र प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री पवन कल्याण का वीडियो भी वायरल हो रहा है। दोनों का गहरा रिश्ता है। पवन कल्याण के बड़े भाई चिरंजीवी की शादी अल्लू अर्जुन की बुआ से हुई है। वायरल वीडियो में संवेदना व्यक्त करने पहुंचे पवन कल्याण भावुक अल्लू अर्जुन को गले लगाते दिख रहे हैं।

अल्लू अर्जुन के दादा तेलुगू सिनेमा के महान एक्टर और पद्म श्री विजेता अल्लू रामलिंगैया थे। उनकी पत्नी अल्लू कनकरत्नम का 29 अगस्त को 94 वर्ष की उम्र में हैदराबाद में निधन हो गया। अल्लू और कोनिडेला परिवार इस वक्त गहरे शोक में डूबे हुए हैं। हालांकि, दादी के अंतिम संस्कार के दो दिन बाद अल्लू अर्जुन वापस काम पर लौट आए हैं। रविवार को उन्हें मुंबई में देखा गया है। वह इन दिनों एटली संग अपनी नई फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। दूसरी ओर, अल्लू कनकरत्नम को अंतिम यात्रा में शामिल नहीं हो पाए पवन कल्याण बाद में अल्लू परिवार से मिलने पहुंचे। इंटरनेट पर सामने आए वीडियो में वह सफेद कुर्ता-पायजामा में अल्लू अर्जुन के घर में एक्टर को गले लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। बाद में वह अल्लू अर्जुन के पिता अल्लू अरविंद से मिलते हैं और उन्हें गले लगाते हैं। जानकारी के लिए बता दें कि अल्लू अरविंद की बहन की शादी पवन कल्याण के बड़े भाई चिरंजीवी से हुई है।

### भोजपुरी

## पवन की माफी पर अंजलि ने तोड़ी चुप्पी कहा- वो मुझसे बड़े और सीनियर



भोजपुरी गायक पवन सिंह ने हरियाणवी अभिनेत्री अंजलि राघव से माफी मांगी। लखनऊ में एक कार्यक्रम के दौरान पवन सिंह ने अंजलि को गलत तरीके से छुआ था। इस घटना का वीडियो वायरल होने पर विवाद हुआ। अंजलि ने इंडस्ट्री छोड़ने का फैसला किया था। पवन सिंह की माफी के बाद अंजलि ने उन्हें माफ कर दिया। भोजपुरी सिंगर पवन सिंह ने रविवार, 31 अगस्त को हरियाणवी एक्ट्रेस अंजलि राघव से माफी मांगी थी। क्योंकि उन्होंने अंजलि को लखनऊ के एक इवेंट में गलत तरह से छुआ था, जिसके बाद विवाद हो गया था। उसका वीडियो भी वायरल हुआ था और लोगों ने काफी भला-बुरा कहा था। इसके बाद एक्ट्रेस ने भी इंडस्ट्री छोड़ने का फैसला कर लिया था। अब जब एक्टर की माफी आई तो एक्ट्रेस ने भी उन्हें माफ कर दिया। दरअसल, एक वीडियो आया था, जिसमें लखनऊ में हुए 'सईयां सेवा करे' गाने के प्रमोशनल इवेंट में पवन सिंह बार-बार अंजलि राघव की कमर को छूते हुए नजर आते हैं और कहते हैं कि उनकी कमर पर कुछ लगा है, जो वह हटाने की कोशिश कर रहे हैं और अंत में बोलते हैं कि कुछ नहीं था। इस दौरान तो अंजलि ने मुस्कुराकर बात टाल दी थी। लेकिन 30 अगस्त को एक्ट्रेस ने कहा कि वह अपमानित महसूस कर रही हैं और उन्होंने भोजपुरी फिल्म उद्योग छोड़ने का फैसला किया है। फिर पवन सिंह ने माफी मांगी और अंजलि ने रिएक्ट किया।




इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि जेनरेशन जेड ने हाल के वर्षों में फ़ैशन ट्रेंड्स को काफ़ी प्रभावित किया है। चाहे वह नए क्रांतिकारी विचार लाना हो या उन फ़ैशन के चलन को पुनर्जीवित करना हो। जेन जेड इस बात का सूत्रधार बन गई है कि क्या चलन में है और क्या नहीं। 1997 और 2010 के शुरुआती दशक के बीच जन्मी जेन जेड दुनिया की आबादी का 30 फीसदी हिस्सा हैं।

## रात की बची रोटी से पाएं चमकती त्वचा, जानें तरीका और फायदे


त्वचा की देखभाल करने के लिए आपको घरेलू उपाय का इस्तेमाल करना चाहिए। वहीं किसी भी नुस्खे को चेहरे पर लगाने से पहले एक बार पैच टेस्ट कर लें।खूबसूरत और निखरा चेहरा हम सभी पाना चाहते हैं और इसके लिए हम मार्केट में कई प्रोडक्ट्स मिल जाएंगे, लेकिन इन प्रोडक्ट्स को बनाने में कई केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है जो त्वचा को बेजान बना सकता है। इसके लिए आप घर में मौजूद चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं। बता दें कि चेहरे की त्वचा को चमकाने के लिए आप रात की बची हुई रोटी का इस्तेमाल करना चाहिए। तो चलिए कैसे करें रात की बची रोटी का चेहरे पर इस्तेमाल और जानेंगे इसके त्वचा को फायदे। चेहरे को चमकदार बनाने के लिए किन चीजों का करें इस्तेमाल?

### रोटी शहद कच्चा दूध

रोटी चेहरे की त्वचा में मौजूद पोर्स को डीप क्लीन करने का काम करती है। त्वचा से टैनिंग को हटाने के लिए भी बेहद फायदेमंद होती है।चेहरे पर कच्चा दूध आपकी त्वचा को मुलायम बनाने में मदद करता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन-ए होता है। बता दें कि कच्चा दूध त्वचा को नमी देने का काम भी करता है।

### शहद को चेहरे पर लगाने के फायदे

एक स्टडी में बताया गया है कि त्वचा को नैचुरली एक्सफोलिएट करने के लिए शहद बेहद फायदेमंद होता है। यह आपके चेहरे में मौजूद पोर्स क्लीन होते हैं। चेहरे की त्वचा को मुलायम रखने में शहद बेहद मददगार साबित होता है। साथ ही यह स्किन को मॉइस्चराइज करने के लिए मदद करता है।



### चेहरे को चमकदार बनाने के लिए क्या करें?

चेहरे की त्वचा को चमकदार बनाने के लिए सबसे पहले रात की बची रोटी के छोटे-छोटे टुकड़े कर लें और इन्हें अच्छी तरह से पीस लें। इसमें अब करीब 2 से 4 चम्मच कच्चे दूध और 2 चम्मच शहद की मिला लें। इन सभी चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करने के बाद चेहरे पर इस पेस्ट को लगा लें। इसे लगाने के लिए आप ब्रश की सहायता ले सकती हैं। हल्के हाथों के दबाव से चाहे तो चेहरे पर मसाज भी कर सकती हैं। त्वचा पर यह एक फेस स्क्रब की तरह काम करेगा। करीब 20 मिनट तक इसे चेहरे पर लगा रहने दें। इसके बाद पानी की मदद से चेहरे को साफ कर लें। इस तरह आप यह नुस्खा हफ्ते में कम से कम 2 से 3 बार तक इस्तेमाल कर सकती हैं।

## घर में रखे पुराने दुपट्टे से बनवाएं फैशनेबल आउटफिट





हमारी घर की अलमारी में कई सारी ऐसी चीजें होती हैं जो एक बार इस्तेमाल करने के बाद दोबारा नहीं पहनी जाती। लेकिन अगर आप चाहे तो अपने पुराने दुपट्टे को अलग-अलग तरीके से रीयूज कर सकती हैं। जब भी हम कहीं जाने की बात करते हैं तो सबसे पहला सवाल आता है कि क्यों पहना जाए जिससे हम सबसे अलग लगे। इसी चक्कर में हम हर बार नए कपड़े खरीद लेते हैं और पुराने कपड़ों को इस्तेमाल में नहीं लाते हैं। इसकी वजह से वो लंबे समय तक रखे ही रह जाते हैं। खासकर दुपट्टे ये कभी-कभी ही इस्तेमाल में आते हैं। हम कभी इसे किसी सूट के साथ ओढ़ने के लिए इस्तेमाल करते हैं तो कभी धूप से बचने के लिए इसे निकालते हैं। लेकिन अगर आप चाहे तो इसका इस्तेमाल अलग तरीके से करके अपने लुक को चेंज कर सकती हैं और स्टाइलिश लग सकती हैं।

### दुपट्टे से बनाएं श्रग

अगर आप ये सोचती हैं कि दुपट्टे का इस्तेमाल सिर्फ ओढ़ने के लिए किया जाता है तो ऐसा नहीं है। इसका इस्तेमाल आप श्रग के लिए भी कर सकती हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले आपको दुपट्टे को ट्राई एंगल शेप में फोल्ड करना है। फिर इसके एक सिरे को दूसरी तरफ फोल्ड करके स्टिच करना है ऐसे ही दूसरे को करना है। इसके बाद आपको इसमें आप चाहे तो टेस्ल एड कर सकती हैं। इस तरीके से आपका श्रग आसानी से बनकर रेडी हो जाएगा।

### दुपट्टे से बनाएं लॉन्ग कुर्ता डिजाइन

डिफरेंट स्टाइल के लिए हम अलग-अलग तरह के कुर्ते स्टाइल करते हैं। अगर आपको कुछ नया क्रिएट (दुपट्टा रीयूज) करना है तो इसके लिए आप लॉन्ग कुर्ता डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आपको दो दुपट्टे लेने हैं जिनका फेब्रिक हैवी होगा। फिर अपना नाप लें और इसमें कुर्ते का डिजाइन क्रिएट करें। इसके बाद आप चाहे तो इस वन शोल्डर रख सकती हैं वरना स्लीव्स भी क्रिएट कर सकती हैं। इस तरीके से रेडी हो जाएगा आपका लॉन्ग कुर्ता जिसे आप किसी भी बॉटम वियर के साथ पहन सकती हैं। इन बातों का रखें ध्यान जब भी दुपट्टे का इस्तेमाल आप कपड़ों के लिए करें तो फैब्रिक (स्टाइल दुपट्टा) का खास ध्यान रखें। दुपट्टा कहीं से गला हुआ न हो इस बात का भी ध्यान रखना आपके लिए जरूरी है।

## आइस को चेहरे पर इस तरह से कीजिए इस्तेमाल

नेचुरल ग्लो की चाहत है तो आप घर पर ही बॉलीवुड एक्ट्रेस कटरीना कैफ वाली फेशियल ट्राई कर सकती हैं। आइए जानते हैं इस खास फेशियल के बारे में सबकुछ। चेहरे पर आइस लगाने के फायदे से तो आप सभी वाकिफ होंगी। अक्सर महिलाएं पिंपल्स, खुजली रैशेज और पफी आंखों की समस्या दूर करने के लिए बर्फ लगाती हैं, इससे ना सिर्फ ये समस्या दूर होती है बल्कि चेहरे पर नेचुरल ग्लो भी आता है। लेकिन क्या आपने कभी आइस बाउल फेशियल ट्राई किया है? ये एक बहुत ही खास तरह का फेशियल होता है जिसमें किसी भी तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट या केमिकल युक्त प्रोडक्ट का इस्तेमाल नहीं होता। अगर आपको भी चेहरे पर नेचुरल ग्लो चाहिए तो आप इस फेशियल को ट्राई कर सकती हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ भी नेचुरल ग्लो पाने के लिए ये आइस फेशियल करती हैं। आइए जानते हैं घर पर आइस बाउल फेशियल कैसे करते हैं और इसके क्या फायदे हैं।

### कैसे करें आइस बाउल फेशियल



सबसे पहले आपको एक बड़ा कटोरा लेना है, ये ध्यान रहे कि बाउल इतना बड़ा हो कि इसमें आका पूरा चेहरा समा जाए। अब आइस ट्रे से बर्फ को इस बाउल में डाल दें, ये भी सुनिश्चित करें बर्फ की मात्रा ज्यादा हो। अब कुछ मिनट बर्फ को ऐसे ही मेल्ट होने के लिए छोड़ दें और बाउल में प्लेन वॉटर फिल करें, पानी (ये है पानी पीने का सही तरीका) वहां तक फिल करें जहां तक आपका फेस पहुंच पाए। अब इस बाउल में अपने चेहरे को 2 से 3 सेकंड के लिए डिप करें और फिर निकाल लें। ऐसा आप चार से पांच बार रिपीट करें। इस बाउल फेशियल से चेहरे की सूजन कम करने में मदद मिलती है।

## एथनिक लुक को परफेक्ट बनाने स्टाइल करें


त्यौहारों के मौके पर खूबसूरत दिखने कपड़ों के साथ आपको स्टाइल करने के लिए ज्वेलरी की भी तो जरूरत होगी। अगर आपको ज्वेलरी वियर करना पसंद है तो आप अपने आउटफिट के साथ स्टोन वर्क ज्वेलरी को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको डिफरेंट कलर और डिजाइन वाली ज्वेलरी मिल जाएगी। जिन्हें स्टाइल करना भी आसान होगा और वो दिखने में भी खूबसूरत लगेगी।

### ब्लू स्टोन वर्क ज्वेलरी

कई सारी लड़कियां होती हैं जो ट्रेडिशनल ज्वेलरी पहनना काफी पसंद करती हैं। लेकिन अगर आप चाहे तो अपने लुक में कुछ नई चीज एड कर सकती हैं। इस बार आप स्टोन वर्क ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आप ब्लू, रेड और पिंक कलर स्टोन ज्वेलरी खरीद सकती हैं। इस तरीके की स्टोन ज्वेलरी साड़ी, सूट और इंडो वेस्टर्न आउटफिट के साथ काफी अच्छी लगती हैं। इन्हें आप मार्केट से 200 से 500 रुपये में खरीद सकती हैं।

### ब्लैक फ्लोरल वर्क ज्वेलरी

अगर आप वेस्टर्न आउटफिट स्टाइल कर रही हैं तो इसके साथ आप ब्लैक फ्लोरल वर्क ज्वेलरी (पर्ल ज्वेलरी डिजाइन) को वियर कर सकती हैं। ये काफी क्लासी और स्टाइलिश लगती हैं, इसमें आपको अलग-अलग ऑप्शन भी मिल जाते हैं। इस ज्वेलरी को आप चाहे तो इंडो-वेस्टर्न साड़ी के साथ भी इसे वियर कर सकती हैं। इसे व्हाइट साड़ी, ब्लू और रेड कलर आउटफिट के साथ मैच करके पहन सकती हैं। इसमें आप छोटे स्टोन वर्क और बड़े स्टोन वर्क डिजाइन को खरीद सकती हैं। मार्केट में ये से आपको 250 से 500 की रेंज में मिल जाएंगे।



### ग्रीन स्टोन इयररिंग्स डिजाइन

अगर आप एथनिक वियर स्टाइल कर रही हैं तो इसके साथ आप ग्रीन स्टोन इयररिंग्स वियर कर सकती हैं। इस तरीके के इयररिंग्स (व्हाइट कलर ज्वेलरी डिजाइन) काफी क्लासी लगते हैं और लुक को रॉयल तरीके से क्रिएट करते हैं।


### कार्नर न्यूज

## सैलिसिलिक एसिड इस्तेमाल करती हैं तो हो जाएं सचेत, रूखी त्वचा वालों की बढ़ सकती है परेशानी

ड्राई स्किन वाली महिलाओं को ब्यूटी प्रोडक्ट इस्तेमाल से पहले अच्छी तरह परख लेना चाहिए

रूखी त्वचा सिर्फ सर्दियों में ऐसा जरूरी नहीं है। कई लोगों की त्वचा गर्मियों में भी रूखी और डल नजर आने लगती है। अधिकांश महिलाएं इसके लिए तमाम स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल भी करती हैं। रूखी त्वचा आपको असहज भी महसूस करवाती है। कुछ प्रोडक्ट्स जो आपकी त्वचा की देखभाल करने का वादा करते हैं कई बार वे भी त्वचा को नुकसान पहुंचाते हैं। आपके स्किन केयर प्रोडक्ट्स में 1-2 ऐसे इंग्रीडिएंट्स ऐसे भी हो सकते हैं, जो त्वचा को डिहाइड्रेट करते हैं।

अब जैसे सैलिसिलिक एसिड एक ऐसा इंग्रीडिएंट है जिसके कई फायदे हैं, लेकिन रूखी त्वचा वालों को इसका इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। यह बात हम नहीं बल्कि डर्मेटोलॉजिस्ट कहते हैं। जानी-मानी डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. (मेजर) गुरवीन वारेच सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अपने एक पोस्ट में वह बताती हैं कि सैलिसिलिक एसिड रूखी त्वचा को इरिटेट कर सकती है। आइए पहले जानें कि सैलिसिलिक एसिड त्वचा पर कैसे काम करता है?



### क्या है सैलिसिलिक एसिड?

यह एक बीटा हाइड्रोक्सी एसिड होता है, जो एक्ने को कम करने के लिए जाना जाता है। यह त्वचा को एक्सफोलिएट करता है और पोर्स को साफ करने में मदद करता है। यह चेहरे के टी-जोन पर काफी प्रभावी तरीके से काम करता है। सैलिसिलिक एसिड माइल्ड एक्ने पर सबसे अच्छा काम करता है। इतना ही नहीं, यह आगे होने वाले ब्रेकआउट्स को भी रोकने में मदद करता है।

### ड्राई स्किन के लिए सैलिसिलिक एसिड का इस्तेमाल

अगर आपकी त्वचा रूखी है, तब आपको सैलिसिलिक एसिड का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं करना चाहिए। सैलिसिलिक एसिड एक अच्छा त्वचा सॉफ्टनर है और इसमें एक्सफोलिएटिंग गुण होते हैं। हालांकि, यह रूखी त्वचा के लिए सही नहीं है। यह ऑयली स्किन के लिए फायदेमंद होता है, क्योंकि यह एक्सेस सीबम को रोकता है। वहीं ड्राई स्किन को और भी ज्यादा रूखा कर सकता है। यदि आपने इसे इस्तेमाल किया भी है, तो डॉ. गुरवीन के मुताबिक आपको त्वचा को अच्छी तरह से मॉइश्चराइज करना चाहिए।

### सैलिसिलिक एसिड त्वचा पर कैसे काम करता है?

यह ऑयल सॉल्यूबल होता है, जिसके कारण यह पोर्स में घुसकर उन्हें साफ करने में सक्षम होता है। इतना ही नहीं, इसे लगाने से त्वचा स्मूथ और हेल्दी भी होती है।

